भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, भिण्ड , आगरा (उ.प्र.) एवं धौलपुर (राजस्थान ) से एक साथ प्रसारित

# सच टाइम्स

DAINIK SACH TIMES

वर्ष 18 अंक 120 | मुरैना,शनिवार 08 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 मूल्य 1.50 ₹



बाइक से कुचलकर महिला को गंभीर रूप से घायल करने का मामला: दबंगों पर केस दर्ज, खुलेआम घूम रहे आरोपी दे रहे जान से मारने की धमकी....

पेज : 03

8 अगस्त : भारत छोड़ो आंदोलन और 'करो या मरो' का अमर मंत्र – आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का शाश्वत संदेश

पेज : 04



एक करोड़ 82 लाख की लागत से बन रहे विश्रामगृह भवन का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

पेज : 06



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 का हुआ शुभारंभ

पेज : 07

# किसानों का कल्याण ही हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**किसानों से संवाद का उत्सव है बलराम कृषि महोत्सव**

**खेत में बोहनी से लेकर बाजार में दाम दिलाने तक किसानों के साथ खड़ी है सरकार**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव से वर्चुअली जुड़कर किसानों से किया संवाद**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार की मंशा है कि प्रदेश के हर किसान के खेत-खलिहान और उनके घरों में समृद्धि आए। किसानों का हर तरीके से कल्याण ही हमारा लक्ष्य है और इसके लिए हम सभी जरूरी प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चलाया जा रहा बलराम कृषि महोत्सव किसानों को खेती-किसानी की नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का एक व्यापक अभियान है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें हरसंभव सहायता देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इस किसान कल्याण वर्ष में किसान हितैषी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ हर किसान तक पहुंचा रही है। किसानों के खेतों में पानी, बिजली, खाद-बीज, कृषि यंत्र पहुंचाने के साथ उनके खातों में फसल बीमा, सम्मान निधि और ब्याज मुक्त ऋण की राशि पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सीहोर जिले में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को छिंदवाड़ा से वर्चुअली जुड़कर यहां के किसानों से संवाद किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में हुई मंत्रि-परिषद् की बैठक में राज्य सरकार ने किसानों को सुरक्षा देते हुए ऐतिहासिक 'कवच योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना से ऐसे किसानों की चिंता दूर होगी, जिनके सहकारी खातों में पुरानी गड़बड़ियों और जांच में देरी के कारण उन्हें नया ऋण और शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब ऐसे किसानों को मुख्य धारा में लाकर उन्हें नया कृषि ऋण और सभी किसान हितैषी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अब छह-छह महीने के स्थान पर एक साल में खातों को पलटने की व्यवस्था लागू कर दी है। किसानों को अपने ऋण खाते क्लियर करने के लिए 31 मार्च तक की बाध्यता को भी समाप्त कर दिया गया है। अब किसान, जब पैसा हो, तब अपने ऋण खाते में राशि जमा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के साथ आधुनिक खेती, प्राकृतिक खेती और कृषि यंत्रों का विस्तार कर रही है। उन्होंने आय बढ़ाने के लिए किसानों को फसल विविधिकरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पशुपालन, मत्स्य पालन वर्तमान समय की मांग है, राज्य सरकार इन क्षेत्रों में हर संभव प्रोत्साहन दे रही है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने दुग्ध समितियों का गठन किया है। उन्होंने कहा कि खेत में बोहनी से लेकर बाजार में दाम दिलवाने तक सरकार किसानों के साथ खड़ी है। गेहूं उत्पादक किसानों की चिंता हमने एमएसपी और बोनस के साथ रिकॉर्ड 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद कर दूर कर दी है। सोयाबीन उत्पादक किसानों की चिंता भावांतर भुगतान योजना से दूर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार श्रीअन्न (कोदो-कुटकी) की एमएसपी पर खरीदी हुई और किसानों को इसका बोनस भी मिला है।

# प्रत्येक शुक्रवार को दौरे पर रहेंगे अधिकारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का मैदानी स्तर पर लेंगे जायजा**

**सुशासन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान**

**सरकार के कामकाज को साकार रूप देने और सुशासन स्थापित करने में अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण**

**दो लाख पदों के लिए जारी भर्ती प्रक्रिया**

**छिंदवाड़ा जिले में 1281 अधिकारी-कर्मचारियों को मिला पदोन्नति का लाभ**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव का छिंदवाड़ा में अधिकारी-कर्मचारियों ने किया अभिनंदन**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 8 नव नियुक्त शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में सभी वर्गों के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उनके नेतृत्व में दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा स्थापित हुई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंत्योदय और जनकल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मध्यप्रदेश सरकार भी गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश में शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों की पदोन्नति वर्षों से अटकी थी। हमारी सरकार ने कर्मचारियों को पदोन्नति का उनका अधिकार दिलवाया। पदोन्नति के लिए सभी जरूरी प्रक्रियाओं को समय से पूरा करते हुए वर्तमान वर्ष में शेष रह गए अधिकारी-कर्मचारियों की भी पदोन्नति सितंबर-अक्टूबर माह में कर दी जाएगी। सरकार के कार्यों को धरातल पर सफल बनाने और सुशासन स्थापित करने में राज्य के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को छिंदवाड़ा के एफडीडीआई ऑडिटोरियम में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**17 हजार पदों पर नई भर्ती के लिए सूचना जारी :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में शासकीय पदों पर नई भर्तियों की शुरुआत कर दी है। पुलिस विभाग में ही 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। इसमें 1000 पद ड्राइवरों के भी शामिल हैं। स्कूल शिक्षकों के 10 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। उच्च शिक्षा विभाग में 7 हजार से अधिक व्याख्याताओं की भर्ती की गई है। म.प्र. व्यावसायिक शिक्षा मंडल ने विभिन्न विभागों में 17 हजार पदों पर नई भर्ती के लिए सूचना जारी की है। बीते ढाई साल में एक लाख पदों पर भर्ती की जा चुकी है। अब 2 लाख नई भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है।

**छिंदवाड़ा से हो रही है नई शुरुआत :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास और जनकल्याण के लिए राज्य सरकार दूरगामी विजन के साथ कार्य कर रही है। आज छिंदवाड़ा से एक नई शुरुआत की जा रही है। अब प्रत्येक शुक्रवार को किसी भी दफ्तर में कोई मीटिंग नहीं होगी। सभी अधिकारी जनता के बीच मौजूद रहकर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लेंगे। जन विश्वास अभियान में आम नागरिकों की बेहतरी और उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मैदानी स्तर पर आने वाली कठिनाईयों का समाधान किया जाएगा। अभियान आगामी 7 जनवरी 2027 तक चलेगा। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ दिलवाने और सुशासन के लिए यह 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों-कर्मचारियों से जनता की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आहवान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी शनिवार को छात्रों को संबोधित करने प्रयागराज जाएंगे

नई दिल्ली, 07 अगस्त (हि.स.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को छात्रों को संबोधित करने उत्तर प्रदेश के शहर प्रयागराज जाएंगे। यह जानकारी राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। उन्होंने कहा, 'मैं कल प्रयागराज जाऊंगा। यहां के केपी ग्राउंड में रोजगार और छात्रों पर कथित लाठीचार्ज को लेकर लोगों से बातचीत करूंगा। यह वह शहर है जहां सबसे अधिक युवा तैयारी करते हैं। ' उन्होंने स्पष्ट किया है कि कमी छात्रों में नहीं बल्कि सिस्टम में है जो आपकी (छात्रों) कोशिशों का सही फल नहीं देता। पेपर लीक, रुकी हुई भर्तियां, सालों का इंतजार और किसी की कोई जवाबदेही नहीं। कोटा में छात्रों ने आवाज उठाई, देहरादून में फिर आवाज़ें उठीं और दिल्ली में इन्हीं बच्चों पर लाठियां बरसाई गईं। आखिरकार, एक मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। यह सरकार तभी झुकती है जब आवाजें एकजुट होकर उठती हैं।

### हरिद्वार कांवड़ मेला : नौवें दिन 44 लाख से ज्यादा कांवड़ियों ने भरा गंगाजल

हरिद्वार,07 अगस्त (हि.स.)। श्रावण मास के कांवड़ मेले में नौवें दिन हरिद्वार में शिवभक्तों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। नौवें दिन शुक्रवार को शाम छह बजे तक 44 लाख 38 हजार से अधिक कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।

मेला कंट्रोल रूम में स्थापित पुलिस नियंत्रण केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अब तक गंगाजल लेकर प्रस्थान करने वाले शिवभक्तों की कुल संख्या दो करोड़ 64 लाख को पार कर गई है। शुक्रवार को हर की पैड़ी सहित हरिद्वार के विभिन्न घाटों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने गंगाजल भरा। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए कांवड़ मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस,प्रशासन तथा अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैदी से तैनात हैं। कावड़ मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने आज अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) डॉ.वी.मुरुगेशन हरिद्वार पहुंचे और उन्होंने शिव भक्तों की सुरक्षा व सुविधा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था की समीक्षा की।

# कांग्रेस में 'चढ़ावा संस्कृति' से तय होती है पद और जिम्मेदारी: अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, 07 अगस्त (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस में चढ़ावा संस्कृति का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में पद और जिम्मेदारी इसी के आधार पर तय होती हैं। उन्होंने दावा किया कि एक कथित ऑडियो टेप और हालिया राजनीतिक चर्चाओं में कांग्रेस नेताओं से जुड़े ऐसे गंभीर आरोप सामने आए हैं।



अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस में 'चढ़ावा संस्कृति' छिपी बात नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को लेकर भी ऐसी चर्चाएं हैं कि मंत्रिमंडल में लगभग 80 प्रतिशत मंत्री पद कथित रूप से इसी के आधार पर तय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि योजना में कथित गबन के मामले में अभियुक्त रहे और पहले सिद्धरमैया मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे चुके विधायक नागेंद्र को दोबारा मंत्री बनाए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं, जो इस पूरी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

भाजपा सांसद ने कहा कि ये सभी आरोप कांग्रेस हाईकमान की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को इन आरोपों पर जवाब देना चाहिए और पारदर्शिता के साथ सच्चाई सामने रखनी चाहिए।

# राजग का हिस्सा बने नए सांसदों से प्रधानमंत्री की मुलाकात, सोशल मीडिया के प्रभावी इस्तेमाल पर जोर



नई दिल्ली, 07 अगस्त (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए लोकसभा के सांसदों से नाश्ते पर मुलाकात की। इस मुलाकात में शिवसेना (शिंदे) के 7, एनसीपीआई के 20, एनसीपी (अजीत पवार) के 2, उपेंद्र कुशवाहा समेत करीब 45 सांसद शामिल हुए। इस दौरान राजग में शामिल हुए सभी नए सांसदों को प्रधानमंत्री ने संसद में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर बात की। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सत्ता के प्रभावी इस्तेमाल की सलाह दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी विकास कार्य के लिए सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से संपर्क करें। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक सांसद से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान बातचीत का कुछ हिस्सा मराठी भाषा में भी हुआ। प्रधानमंत्री न केवल मराठी भाषा समझते हैं बल्कि बोलते भी हैं। प्रधानमंत्री ने धाराशिव के सांसद ओमराजे निंबालकर से बातचीत के दौरान उनके योगाभ्यास के बारे में पूछा और स्वास्थ्य एवं दिनचर्या को लेकर चर्चा की।

यह बैठक पूरी तरह से संवादात्मक और विकास केंद्रित रही, जिसमें सांसदों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने और जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने पार्थ पवार से मराठी में बात की- पार्थ, आई कशा आहेत ? काळजी घ्या.' (सुनेत्रा पवार के स्वास्थ्य की ली जानकारी) प्रधानमंत्री ने पार्थ पवार से बातचीत के दौरान पूछा- 'कैसे हैं पवार साहब? अपना ख्याल रखिए। '

पीएम मोदी और पार्थ पवार के बीच मराठी में बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान सुनेत्रा पवार के स्वास्थ्य को लेकर भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री के साथ ब्रेकफास्ट मीटिंग के बाद सांसद शताब्दी रॉय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को सोशल मीडिया पर प्रभावी तरीके से सक्रिय रहने पर जोर दिया। सोशल मीडिया के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देने और विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने 40 वर्ष से अधिक उम्र के सांसदों को योग करने और साल में एक बार स्वास्थ्य की जांच कराने की सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने किसानों और युवाओं से मिलने पर जोर दिया ताकि उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके।

# दिल्ली कैबिनेट ने प्राइवेट यूनिवर्सिटी बिल को दी मंजूरी

नई दिल्ली, 07 अगस्त (हि.स.)। दिल्ली कैबिनेट ने शुक्रवार को 'दिल्ली प्राइवेट यूनिवर्सिटीज बिल-2026' को मंजूरी दे दी। इस विधेयक को दिल्ली विधानसभा में पेश किया जाएगा और वहां से पारित होकर अधिनियम बनने तथा इसके लागू होने के बाद दिल्ली में निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना का रास्ता साफ हो जाएगा।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में दिल्ली प्राइवेट यूनिवर्सिटी बिल को मंजूरी दी गयी। दिल्ली सरकार का कहना है कि इस विधेयक के लागू होने से राजधानी में उच्च शिक्षा के क्षेत्र का विस्तार होगा, स्नातक एवं अन्य पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ेगी और छात्रों को अपनी पसंद के संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का बेहतर अवसर मिलेगा। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली से बाहर जाने की आवश्यकता भी कम होगी। पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के शुभारंभ पर इस फैसले का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय दिल्ली की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक ऐतिहासिक कदम है, जो आने वाले वर्षों में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि यह केवल नए विश्वविद्यालय खोलने का निर्णय नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य में निवेश है। सरकार का उद्देश्य दिल्ली को देश का अग्रणी शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र बनाना है, जहां विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो सके।




# आभा आधारित 'स्कैन एंड रजिस्टर' सेवा ने बनाया नया कीर्तिमान, 25 करोड़ डिजिटल ओपीडी रजिस्ट्रेशन पूरे

नई दिल्ली, 07 अगस्त (हि.स.)। देश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत संचालित 'स्कैन एंड रजिस्टर' सेवा के माध्यम से 25 करोड़ ओपीडी रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा पार कर लिया है। अक्टूबर 2022 में शुरू की गई इस सेवा ने अस्पतालों में ओपीडी पंजीकरण की प्रक्रिया को तेज, सरल और पूरी तरह डिजिटल बनाते हुए करोड़ों मरीजों को राहत पहुंचाई है। 'स्कैन एंड रजिस्टर' सेवा के तहत मरीज अस्पताल में प्रदर्शित विशेष क्यूआर कोड को किसी भी एबीडीएम-सक्षम पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड (पीएचआर ) ऐप से स्कैन करते हैं। इसके बाद मरीज की सहमति से उसकी आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) प्रोफाइल अस्पताल के साथ सुरक्षित रूप से साझा हो जाती है और बिना किसी कागजी प्रक्रिया या लंबी कतार में लगे तत्काल ओपीडी रजिस्ट्रेशन हो जाता है। इससे अस्पतालों में पंजीकरण काउंटरों पर भीड़ कम होने के साथ स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यक्षमता में भी सुधार आया है। वर्तमान में यह सेवा देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 756 जिलों में स्थित 30,800 स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। इनमें 24,323 सरकारी तथा 6,481 निजी स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। इनमें एम्स, केंद्रीय और राज्य सरकार के अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, जिला एवं उप-जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईएसआईसी अस्पताल, रेलवे अस्पताल, ट्रस्ट अस्पताल तथा निजी अस्पताल भी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार, प्रतिदिन लगभग 4 लाख मरीज इस डिजिटल सुविधा का उपयोग कर रहे हैं। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, गर्भवती महिलाओं तथा नियमित रूप से अस्पताल जाने वाले मरीजों के लिए यह सेवा विशेष रूप से उपयोगी साबित हो रही है क्योंकि इससे पंजीकरण में लगने वाला समय काफी कम हो गया है।

स्वामी एवं प्रकाशक रविन्द्र सिंह नवरंग द्वारा वनखंडी रोड़ हरीराज टॉकीज के पीछे, शिवनगर मुरैना (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित एवं मुद्रक नवीन बंसल द्वारा बंसल ऑफसेट रामजानकी मंदिर के पास, जीवाजीगंज मुरैना से मुद्रित, स्थानीय संपादक- धर्मेंद्र सिंह ''सीताराम जी '', मुरैना, मोबाइल 6261839476
RNI No. MPHIN/2009/45558 फोन 07532-232387 मोवा- 9425334744 तथा सभी विवादों को न्याय क्षेत्र मुरैना ही होगा। डाक पंजीयन चंबल क्रमांक जी-13-2/163/RNP/2025-27, email : sachtimes101@gmail.com

# जौरा की रेल समस्याओं के समाधान की दिशा में बड़ी पहल

## 7 अगस्त की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से प्रस्तावित मुलाकात अपरिहार्य कारणों से स्थगित – शीघ्र तय होगा नया समय , नरेंद्र सिंह तोमर की सक्रिय पहल से जौरा को उम्मीद,



जौरा (निज संवाददाता)। जौरा नगर की वर्षों पुरानी रेल एवं मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में चल रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण गति मिली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष सौजन्य से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के बीच 7 अगस्त को प्रस्तावित महत्वपूर्ण बैठक अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित हो गई है। अब शीघ्र ही रेल मंत्री से नई बैठक का समय निर्धारित होने की संभावना है।

नरेंद्र सिंह तोमर से हुई महत्वपूर्ण मुलाकात

नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने बताया कि उन्होंने विगत दिवस सायंकाल मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से भेंट की। उन्होंने जौरा की रेल लाइन से जुड़ी समस्याओं, जल निकासी, सड़क संपर्क तथा रेलवे लाइन के दोनों ओर नागरिक सुविधाओं की स्थिति से श्री तोमर को अवगत कराया।

माहेश्वरी के अनुसार, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने जौरा के चहुंमुखी विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जौरा क्षेत्र के विकास में उनका योगदान पूर्व में भी रहा है और आगे भी निरंतर रहेगा।

अगली दिल्ली बैठक होगी और महत्वपूर्ण

नगर पालिका अध्यक्ष माहेश्वरी ने बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ शीघ्र ही नई बैठक का समय मिलने की उम्मीद है।

इस बैठक में जौरा की सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं–रेलवे लाइन के दोनों ओर सड़कों का निर्माण, प्रभावी जल निकासी के लिए नाले-नालियों का निर्माण, सुगम आवागमन तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को प्रमुखता से रखा जाएगा।

**झांसी मंडल रेलवे ने शुरू किए सकारात्मक कदम**

जौरा की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहल यह भी सामने आई है कि झांसी मंडल रेलवे के उच्चाधिकारियों के दल ने जौरा का स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं और संभावित समाधान का जायजा लिया है। रेलवे अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण और तकनीकी पहलुओं का परीक्षण जौरा के हित में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**स्थायी समाधान की उम्मीद**

ब्रॉडगेज रेलवे लाइन के निर्माण के बाद जौरा के दो हिस्सों में बंटने से सड़क संपर्क, जल निकासी और स्वच्छता संबंधी समस्याएं लंबे समय से नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। विशेषकर बारिश के दौरान जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले लेती है।

अब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी के समन्वित प्रयासों से जौरा की इन वर्षों पुरानी समस्याओं के स्थायी समाधान की उम्मीद मजबूत हुई है।

जौरा के विकास के लिए यह प्रयास केवल समस्या उठाने तक सीमित नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में बढ़ते ठोस कदमों का संकेत है। आगामी दिल्ली बैठक को इसी क्रम में जौरा के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# खाद-बीज दुकान की जांच करने पहुंची कृषि विभाग की टीम पर हमला!

## जान बचाकर थाने पहुंचे अधिकारी, संचालक समेत परिजनों पर एफआईआर

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता





श्योपुर। शासन द्वारा खाद-बीज की दुकानों पर चलाए जा रहे सघन निरीक्षण अभियान के दौरान कराहल में उस समय हड़कंप मच गया, जब औचक निरीक्षण करने पहुंची कृषि विभाग की टीम पर कथित रूप से हमला कर दिया गया। अधिकारियों का आरोप है कि खाद-बीज दुकान संचालक और उसके परिजनों ने न केवल जांच का विरोध किया, बल्कि मारपीट कर शासकीय कार्य में भी बाधा पहुंचाई। हालात इतने बिगड़ गए कि अधिकारियों को अपनी जान बचाकर मौके से भागना पड़ा और सीधे कराहल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

घटना गुरुवार शाम कराहल स्थित श्रेया ट्रेडर्स पर हुई। प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजू कुमार शाक्य के अनुसार वे उपसंचालक कृषि जे.के. पंचौरिया तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ दुकान का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान दुकान में खाद का स्टॉक मिलने पर अधिकारियों ने भंडारण एवं विक्रय से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। आरोप है कि इसी बात पर दुकान संचालक नीरज मंगल भड़क गया और जांच का विरोध करने लगा।

कृषि अधिकारियों का आरोप है कि कुछ ही देर में संचालक ने अपने भाई, भतीजे तथा अन्य परिजनों को बुला लिया, जिसके बाद सभी ने मिलकर कृषि विभाग की टीम के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए मौके से निकलना पड़ा। इसके बाद पूरी टीम कराहल थाने पहुंची और घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दुकान संचालक सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत भी प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने सरकारी जांच दलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि निरीक्षण और कार्रवाई के दौरान ही अधिकारी सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो शासन के निर्देशों का प्रभावी पालन कैसे होगा, यह बड़ा प्रश्न बनकर सामने आया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी शासकीय दल पर हमला करने की पुनरावृत्ति न हो। हालांकि, दुकान पक्ष का विस्तृत बयान अभी सामने नहीं आया है। मामले की जांच जारी है और अंतिम तथ्य पुलिस विवेचना एवं न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट होंगे।

# चुनाव याचिका में गैर-याचिकाकर्ता को झटका, दो आवेदन खारिज; अदालत ने लगाए रू.2 हजार परिव्यय

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता



श्योपुर। नगर निकाय चुनाव से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चुनाव याचिका में प्रथम जिला न्यायाधीश न्यायालय, ने गैर-याचिकाकर्ता क्रमांक-1 को बड़ा झटका देते हुए उसके द्वारा प्रस्तुत दो अलग-अलग आवेदन खारिज कर दिए। न्यायालय ने आदेश 6 नियम 17 सीपीसी के तहत प्रस्तुत संशोधन आवेदन को निराधार मानते हुए ?2,000 के परिव्यय (कॉस्ट) के साथ निरस्त कर दिया। वहीं धारा 151 सीपीसी के तहत चुनावी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का आवेदन भी अस्वीकार कर दिया।

प्रकरण की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सुमेर सिंह अपने अधिवक्ता हाफिज शरीफ खान के साथ उपस्थित रहे। गैर-याचिकाकर्ता क्रमांक-1 रेनू गर्ग की ओर से अधिवक्ता ओ.पी. गुप्ता, गैर-याचिकाकर्ता क्रमांक-2 अफसाना की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार जाटव तथा शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता नकुल जैन उपस्थित रहे।

**गोपनीय चुनावी दस्तावेजों की प्रतियां देने से अदालत का इनकार :** गैर-याचिकाकर्ता क्रमांक-1 ने धारा 151 सीपीसी के तहत आवेदन प्रस्तुत कर चुनाव से संबंधित प्रोसिडिंग रजिस्टर, आवेदन पत्र, घोषणा पत्र, चिकित्सकीय दस्तावेज एवं मतपत्रों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने की मांग की थी।

न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि संबंधित दस्तावेज चुनाव प्रक्रिया से जुड़े गोपनीय अभिलेख हैं। पूर्व में पारित आदेश के अनुसार गैर-याचिकाकर्ता को न्यायालय में सिविल रीडर की उपस्थिति में इन अभिलेखों का निरीक्षण करने और उसी आधार पर प्रतिपरीक्षण करने की अनुमति पहले ही दी जा चुकी है। इसलिए प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने का कोई औचित्य नहीं बनता। इसी आधार पर धारा 151 सीपीसी का आवेदन निरस्त कर दिया गया।

**संशोधन आवेदन पर भी फटकार, लगाया रू. 2 हजार का परिव्यय :** गैर-याचिकाकर्ता ने आदेश 6 नियम 17 सीपीसी के तहत जवाबदावे में संशोधन की अनुमति भी मांगी थी। उसका तर्क था कि चुनावी अभिलेखों का निरीक्षण बाद में होने के कारण अब संशोधन आवश्यक हो गया है।

न्यायालय ने रिकॉर्ड का परीक्षण करते हुए पाया कि जिन तथ्यों में संशोधन की मांग की गई है, उनका उल्लेख मूल चुनाव याचिका में वर्ष 2022 से ही मौजूद है और गैर-याचिकाकर्ता अपने जवाबदावे में उन तथ्यों का पहले ही खंडन कर चुका है। ऐसे में यह कहना उचित नहीं कि इन तथ्यों की जानकारी बाद में हुई।

अदालत ने अपने आदेश में टिप्पणी की कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि साक्ष्य की कार्यवाही से बचने तथा मुकदमे में अनावश्यक विलंब करने के उद्देश्य से निराधार आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इसी आधार पर संशोधन आवेदन को ?2,000 के परिव्यय के साथ निरस्त कर दिया गया।

**अब होगी याचिकाकर्ता की साक्ष्य :** न्यायालय ने दोनों आवेदन निरस्त करने के बाद मामले को याचिकाकर्ता की साक्ष्य के लिए नियत किया तथा दोनों पक्षों को निर्धारित तिथि पर प्रातः 11 बजे न्यायालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। यह आदेश चुनाव याचिका की सुनवाई में एक महत्वपूर्ण प्रगति माना जा रहा है, क्योंकि अब मामला सीधे साक्ष्य की प्रक्रिया की ओर बढ़ेगा।

# श्योपुर पुलिस की अनोखी पहल अब दीवारों पर मिलेगा थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर, एक कॉल पर पहुंचेगी पुलिस







## हर वार्ड और गांव में लिखे जा रहे पुलिस अधिकारियों के नंबर, अपराधियों पर रहेगी नजर, आमजन को मिलेगी त्वरित मदद

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता

श्योपुर। जिले में पुलिस और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा जरूरतमंद लोगों तक त्वरित पुलिस सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से श्योपुर पुलिस ने एक अभिनव पहल शुरू की है। अब जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी क्षेत्र के वार्डों, गांवों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर संबंधित थाना प्रभारी तथा बीट प्रभारी के मोबाइल नंबर लिखवाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक सीधे संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकें।

पुलिस विभाग का मानना है कि इस नई व्यवस्था से अपराधों की सूचना मिलने में देरी नहीं होगी और पुलिस मौके पर पहले से अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकेगी। चोरी, मारपीट, अवैध गतिविधियों, नशे के कारोबार, महिला अपराध, सड़क विवाद या अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में अब लोगों को थाने का नंबर खोजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि उनके क्षेत्र की दीवार पर ही संबंधित अधिकारी का मोबाइल नंबर उपलब्ध रहेगा।

**जनता और पुलिस के बीच बढ़ेगा भरोसा :** पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह पहल केवल मोबाइल नंबर लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास, संवाद और सहभागिता को मजबूत करना है। स्थानीय स्तर पर लोग सीधे अपने क्षेत्र के बीट प्रभारी और थाना प्रभारी से संपर्क कर सकेंगे, जिससे शिकायतों का त्वरित निराकरण संभव होगा।

**संदिग्ध गतिविधियों पर लगेगी लगाम**

पुलिस का कहना है कि यदि किसी क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति, अवैध गतिविधि, नशे का कारोबार या अन्य आपराधिक घटना दिखाई देती है तो नागरिक तुरंत संबंधित अधिकारी को सूचना दे सकते हैं। समय पर सूचना मिलने से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी और अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई संभव होगी।

**जिम्मेदारी से करें नंबरों का उपयोग**

श्योपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दीवारों पर लिखे गए मोबाइल नंबरों का उपयोग केवल आवश्यक और वास्तविक परिस्थितियों में ही करें। किसी भी अपराध, संदिग्ध गतिविधि, महिला सुरक्षा, दुर्घटना अथवा कानून-व्यवस्था से जुड़ी सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम कदम

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह पहल आधुनिक, संवेदनशील और जवाबदेह पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पुलिस की पहुंच सीधे जनता तक होगी, शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी तथा जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक सफलता मिलने की उम्मीद है।

# अग्रवाल संघ मुरैना द्वारा रक्षाबंधन मेला-2026 का शुभारंभ







मुरैना (निज संवाददाता)। अग्रवाल संघ मुरैना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रक्षाबंधन मेला-2026 का आज विधिवत शुभारंभ फीता काटकर एवं भगवान महाराजा अग्रसेन तथा माता महालक्ष्मी जी के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शशि अग्रवाल अध्यक्षा, अग्रवालमहासभा विशिष्ट अतिथि अग्रवाल संघ के संरक्षक श्री महेश चंद्र अग्रवाल, संरक्षक श्री माता प्रसाद सिंघल, प्रदेश अध्यक्ष श्री मुन्नालाल अग्रवाल,

श्रीमती शशि अग्रवाल जी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि एसे आयोजन महिलाओं की जागृति के लिये संचालित होते रहना चाहिए श्री महेशचंद्रअग्रवाल जी ने मेला में लगाई सभी स्टॉल दुकानदार महिलाओं का तहे दिल से उत्साह वर्धन किया मुन्ना लाल अग्रवाल ने कहा कि मेला जैसे आयोजन से महिलाओं का उत्साह तथा कार्य करने की क्षमताओं में विस्तार होता है और महिलाओं को आगे बढ़कर इस प्रकार के मेला से अपने द्वारा निर्मित की गई उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक मौका मिलता है मेला मे उत्तर प्रदेश राजस्थान से भीआकर अपनी दुकान लगाने वाली महिलाओं का भी बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त किया संयोजक राहुल गोयल, ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई अंत में अग्रवाल संघ के मंत्री श्री माधव गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया

सहसंयोजक पवन गर्ग, जिला अध्यक्ष श्री रामदास बंसल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिर्जेश गर्ग महामंत्री। राजेश मित्तल, उपाध्यक्ष दिलीप बंसल, मंत्री माधव कुमार गोयल, प्रमोद मंगल, बृजेश बंसल अग्रवाल महासभा वयोवृद्ध संगठन के अध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल, श्री हरिनारायण अग्रवाल, लोकेंद्र बंसल, संजय अग्रवाल, श्रीमती प्रभा अग्रवाल, श्रीमती माला गर्ग, श्रीमती प्रमिला अग्रवाल, श्रीमती माधवी गोयल, श्रीमती जया मित्तल, श्रीमती स्वच्छता अग्रवाल, श्रीमती कंचन अग्रवाल ,अग्रवाल संघ युवा मंडल के कुणाल मित्तल, मनीष गुप्ता, अनिल गुप्ता, पुलकित गोयल, सौरभ मित्तल, सनी गोयनर सहित अनेक युवा कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रक्षाबंधन मेले में विभिन्न प्रकार की राखियाँ, वस्त्र, आभूषण, गृह-सज्जा, हस्तशिल्प, खाद्य सामग्री एवं अन्य आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के बंधु-भगिनी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर पुलाव वितरित किया



मुरैना (निज संवाददाता)। श्रवण मास के अच्छे महीने में हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना के सभी पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां लोगों को पुलाव वितरित किया प्रदेश बाल युवा संयोजक ललिता दीक्षित जी ने कहा कि इस समय बदलते मौसम के कारण काफी लोग बीमार हो रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आकर जिला चिकित्सालय में अपना इलाज करा रहे हैं हमारी पूरी कोशिश है कि हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना की सहायता से लोगों को कुछ न कुछ वितरित करते रहे जिससे हमारा कर्तव्य पूरा हो सके और हम सभी जरूरत पड़ने पर समाज के लिए कुछ अच्छा कर सके इस अवसर पर प्रदेश बाल युवा संयोजक ललिता दीक्षित जी के साथ प्रांतीय महिला संभागीय सहभागिता दया शर्मा, जिला महिला सहभागिता प्रीती गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रेरणा गुप्ता, कोषाध्यक्ष आराधना उपाध्याय, सचिव रेखा गुप्ता, रामवीर सहित हम फाउंडेशन सांस्कृतिक शाखा मुरैना के काफी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे

# बाइक से कुचलकर महिला को गंभीर रूप से घायल करने का मामला: दबंगों पर केस दर्ज, खुलेआम घूम रहे आरोपी दे रहे जान से मारने की धमकी....

## एसपी कार्यालय पहुंची पीड़िता, निष्पक्ष जांच और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की उठाई मांग



शिवपुरी (निज संवाददाता)। मायापुर थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में रंजिश के चलते एक महिला पर जानलेवा हमला करने और अब खुलेआम घूमकर राजीनामा का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता सविता लोधी पत्नी बद्री लोधी (निवासी ग्राम हीरापुर) ने पुलिस अधीक्षक (स्क्क) शिवपुरी को आवेदन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की गुहार लगाई है।

?पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, उनके परिवार का गांव के ही रामकेश लोधी और उसके बेटों (कल्ला लोधी, अजय लोधी) से विवाद चल रहा है। पूर्व में कल्ला लोधी द्वारा पीड़ित परिवार के घर से गेहूं के कट्टे और पालतू भैंस चोरी की गई थी, जिसमें ग्रामीणों ने राजीनामा करा दिया था। इसी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी पीड़िता के परिवार से खुन्नस रखते थे।

**19 जुलाई को हुई जानलेवा वारदात**

पीड़िता सविता लोधी ने बताया कि गत 19 जुलाई 2026 की शाम करीब 7:00 बजे जब वह अपने खेत से घर लौट रही थीं, तभी हीरापुर पुरैनी रोड पर रामकेश लोधी का लड़का अजय लोधी बिना नंबर की काले रंग की पल्सर बाइक से आया। उसने जान से मारने की नीयत से महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मोटरसाइकिल का पहिया महिला के पैर पर चढ़ गया, जिससे उनके घुटने के नीचे फ्रैक्चर आ गया और भारी मात्रा में खून बहने लगा। घटना के वक्त मौजूद पीड़िता के भांजे नीतेज लोधी और जीतेन्द्र लोधी ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस बुलाई।

**अस्पताल में 8 दिनों तक मौत से जूझती रही पीड़िता :** घटना के बाद पीड़िता को तत्काल पिछोर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पीड़िता वहां 8 दिनों तक मौत से जूझती रही और फिलहाल इलाजरत हैं।

**पुलिस पर राजनीतिक दबाव और सांठगांठ के आरोप :** पीड़िता और उनके परिजनों का आरोप है कि घटना वाले दिन मायापुर पुलिस थाने में उन्हें तीन-चार घंटे बैठाए रखा गया। आरोपियों द्वारा राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर एफआईआर में ढील बरती गई। परिजनों के काफी दबाव के बाद पुलिस थाना मायापुर में एफआईआर क्र. 0137 के तहत धारा 125(८) एवं धारा 281 बी.एन.एस. (क्ष्हस्) का मामला दर्ज किया गया।

**आरोपी दे रहे जान से मारने और गांव से बेदखल करने की धमकी :** पीड़िता का आरोप है कि केस दर्ज होने के बाद भी आरोपी अजय लोधी खुलेआम घूम रहा है। वह और उसका परिवार पीड़िता एवं उनके परिजनों को यह कहकर धमका रहे हैं– 'उस दिन तो तू बच गई, अब तुझे और तेरे परिवार को जान से मारेंगे व गांव से बेदखल कर देंगे। अगर गांव में रहना है तो राजीनामा कर लो। '

दबंगों की धमकियों से भयभीत पीड़ित परिवार ने एसपी शिवपुरी से मांग की है

आरोपी अजय लोधी को शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

# पूर्व सैनिकों ने लगाई एसपी से गुहार: 'हमें झूठे केस में फंसाने की साजिश, CCTV और ड्यूटी रजिस्टर से हो निष्पक्ष जांच'...




शिवपुरी (निज संवाददाता)। शिवपुरी करेरा में झूठे केस में फंसाकर सामाजिक छवि खराब करने की शिकायत लेकर दो पूर्व सैनिक और उनके परिजन शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे। आवेदकों ने एसपी शिवपुरी को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**यह है मामला**

आवेदनकर्ता मान सिंह फौजी और उनके भाई रनवीर सिंह (दोनों निवासी महुआर कॉलोनी, करैरा) तथा उनके रिश्तेदार रवि गौतम (निवासी करैरा) ने बताया कि ग्राम कलोथरा निवासी राय सिंह, कमल किशोर, राजकिशोर और उनकी पत्नियों (कृष्णा, दयावती, ममता) ने एसपी कार्यालय में एक आवेदन दिया था। उस शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 4 अगस्त 2026 की रात करीब 3:00 बजे मान सिंह फौजी, रनवीर सिंह, जय हिंद, रवि गौतम और 5-6 अन्य अज्ञात लोगों ने उनकी टपरिया में आग लगा दी और चाकू से हमला करने की धमकी दी।

**'घटना के वक्त घर पर थे, बहनोई थे नाइट ड्यूटी पर'**

आवेदकों का कहना है कि यह पूरा मामला मनगढ़ंत, झूठा और निराधार है। CCTV फुटेज का दावाः घटना के वक्त मान सिंह फौजी, रनवीर सिंह और जय हिंद अपने घर पर ही मौजूद थे, जिसकी पुष्टि उनके घर में लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरों की फुटेज से हो सकती है।

ड्यूटी पर थे रवि गौतमः आवेदकों के अनुसार, उनके बहनोई रवि कुमार गौतम उस वक्त 132 च्ङ्क पावर हाउस (कोर्ट रोड, चिनोद) पर नाइट ड्यूटी पर तैनात थे। इसके सबूत के तौर पर उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर की प्रति और संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी आवेदन के साथ संलग्न किए हैं।

**'सेना से सेवानिवृत्त हैं, छवि खराब करने की कोशिश'**

पूर्व सैनिकों का कहना है कि वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और उनका आज तक किसी भी थाने में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा है। उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाकर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आवेदकों की मांग

पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है किः

मामले की इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों (CCTV फुटेज एवं ड्यूटी रजिस्टर) के आधार पर निष्पक्ष जांच कराई जाए।

जांच में यदि आवेदक दोषी पाए जाएं तो उन पर कार्रवाई की जाए, लेकिन यदि शिकायत झूठी पाई जाती है, तो झूठा आवेदन देने वालों के खिलाफ मानहानि व कूटरचित शिकायत की धाराओं में मामला दर्ज किया जाए।

# शिवपुरी,बेटी को खोजते हुए 1 हजार KM से आया पिता, पुरानी शिवपुरी के रेडलाइट ऐरिया में हैं...



शिवपुरी (निज संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी कार्यालय पर एक पिता 1 हजार किलोमीटर की दूरी तय करके पहुंचा। पिता का आरोप है कि मेरी 5 साल की बेटी का नाम और पहचान उसके नाना-नानी ने बदल दिया है,मुझे आशंका है कि मेरी बेटी को बेच दिया जाऐगा। इस मामले को लेकर मैने देहात थाना पुलिस को 2024 मे आवेदन दिया था लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नही हुई है।

1 हजार किलोमीटर का सफर तय कर उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से एक पिता अपनी नाबालिग बेटी की तलाश में एक बार फिर शिवपुरी पहुंचा। उसने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में दिए गए आवेदन पर आज तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पिता का दावा है कि उसकी पत्नी नाबालिग बेटी को अपने साथ शिवपुरी ले आई थी और अब बेटी का नाम तथा अभिभावकों के नाम तक बदलकर स्कूल में प्रवेश दिला दिया गया है। उसने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, बेटी की सकुशल बरामदगी और कथित दस्तावेजी बदलाव की जांच की मांग की है।

शुक्रवार को एक बार फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और अपनी पत्नी तथा नाबालिग बेटी की बरामदगी की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। प्रार्थी का कहना है कि वह वर्तमान में मुंबई में टैक्सी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। वर्ष 2024 में उसकी पत्नी अंजली गुहरैया उर्फ आफरीन बेगम दो बेटों को उसके पास छोड़कर नाबालिग बेटी को साथ लेकर शिवपुरी आ गई थी।

नसरत अली ने आवेदन में बताया कि वह बेटी की तलाश में वर्ष 2024 में भी शिवपुरी आया था, लेकिन पत्नी के परिजनों ने उसे बेटी से मिलने नहीं दिया और कथित रूप से धमकाकर वापस भेज दिया। इसके बाद 20 जून 2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उसकी नाबालिग बेटी का शिवपुरी के एक निजी बाल वाटिका प्लेस्कूल में प्रवेश कराते समय उसका नाम बदल दिया गया। साथ ही विद्यालय के रिकॉर्ड में कथित रूप से बच्ची के माता-पिता के स्थान पर उसके नाना-नानी के नाम दर्ज करा दिए गए। प्रार्थी ने इस पूरे मामले की शिक्षा विभाग, जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के आधार पर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है;पिता का कहना है कि उसकी पत्नि अपने परिजनो के साथ शिवपुरी के बजरिया मोहल्ला रेड लाइट ऐरिया में निवास करती है,इस कारण मुझे डर है कि मेरी बेटी के साथ कुछ भी गलत हो सकता है या फिर उसे बेचा जा सकता है। मेरी बेटी से बडा मेरे लिए कुछ नही हैं।

प्रार्थी ने यह भी आरोप लगाया कि उसे पत्नी के परिजनों से जान का खतरा है तथा पूर्व में भी उसके साथ अभद्र व्यवहार और धमकी दी गई थी। आवेदन में यह भी कहा गया है कि यदि वर्ष 2024 में दिए गए आवेदन पर समय रहते कार्रवाई हो जाती तो मामला इतना गंभीर नहीं बनता।

# शिवपुरी यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने सड़कों पर उतरी पुलिस, बेतरतीब वाहनों और अतिक्रमण पर कसा शिकंजा...



शिवपुरी (निज संवाददाता)। यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव शहर के मुख्य बाजारों और व्यस्त सड़कों पर लगातार लग रहे जाम और अव्यवस्थित यातायात से आमजन को राहत दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल ने प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

**अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर सीधी कार्रवाई :** अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाजार में दुकानों के बाहर बेतरतीब ढंग से खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को हटवाया। साथ ही, नो-पार्किंग क्षेत्र में पार्क किए गए वाहनों के चालकों को हिदायत दी गई। पुलिसकर्मियों ने स्वयं सड़कों पर खड़े वाहनों को व्यवस्थित कराकर यातायात को सुचारू कराया।

**लापरवाह चालकों और** **दुकानदारों को सख्त चेतावनी :** कार्रवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों से अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखने की अपील की, ताकि पैदल चलने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को असुविधा न हो। इसके साथ ही बिना नंबर प्लेट, गलत दिशा में वाहन चलाने और यातयात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को रोककर सख्त समझाइश दी गई तथा पुनरावृत्ति होने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**आमजन को मिलेगी जाम से राहत :** स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि शाम के वक्त बाजारों में बेतरतीब वाहनों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी, जिससे पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता था। पुलिस की इस सक्रियता से यातायात में सुधार देखने को मिल रहा है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखना उनकी प्राथमिकता है और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा ताकि आम जनता को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# कलेक्टर श्री वर्मा का पिछोर व खनियांधाना में औचक निरीक्षण: खाद वितरण केंद्र, स्कूल, छात्रावास, गौशाला और निर्माण कार्यों की व्यवस्थाएं परखीं




शिवपुरी (निज संवाददाता)। शिवपुरी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने शासन की प्राथमिकताओं और 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज पिछोर और खनियाधाना क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण केंद्र, शासकीय विद्यालयों, छात्रावास और गौशालाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।

खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण एवं किसानों से संवाद

'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' अंतर्गत समस्याओं को जानने कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने सबसे पहले पिछोर स्थित खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उर्वरक की कुल उपलब्धता, भंडारण और दैनिक वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने उपस्थित किसानों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा वितरण पर्चियों व दस्तावेजों की गहन जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में खाद का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ हो और प्रत्येक किसान को बिना किसी अनावश्यक देरी के सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए।

खनियाधाना में शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जांच

'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के अंतर्गत कलेक्टर श्री वर्मा ने विकासखंड खनियाधाना के शासकीय माध्यमिक विद्यालय दवियाकलां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन के लिए रसोईघर की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके शैक्षणिक स्तर की जांच की। कलेक्टर ने विद्यालय स्टाफ को पठन-पाठन का माहौल बेहतर बनाने और स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने खनियाधाना स्थित सांदीपनि विद्यालय का भी जायजा लिया। वहां उन्होंने वोकेशनल क्लास का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से प्रश्न पूछकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। विद्यालय में निर्माणाधीन भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने की ताकीद की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालय की अन्य सभी व्यवस्थाओं में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत ही कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने खनियांधाना के ग्राम दवियाकलां स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि गौशाला से संलग्न चारागाह की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से खेती की जा रही है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर श्री वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने, दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए और अवैध अतिक्रमण मुक्त कराई गई चारागाह भूमि पर गौवंश के चरने की व्यवस्था सुनिश्चित करे

कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने खनियांधाना स्थित शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर एवं उत्कृष्ट कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास परिसर, भवनों और साफ-सफाई का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्यान्न भंडारण की जांच की। कलेक्टर श्री वर्मा ने छात्रावास की छात्राओं से सीधा संवाद कर पढ़ाई-लिखाई, भोजन और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। छात्राओं द्वारा बताई गई समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने स्पष्ट किया कि जनसेवा, शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शी खाद वितरण और शासकीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अपने दायित्वों का मुस्तैदी से निर्वहन करें।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा अधिकारियों द्वारा आमजन से जनसंवाद कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है।

# तीन बेटियां होने पर प्रताड़ना का आरोप: महिला बोली- दो बार जबरन गर्भपात कराया, ससुराल से निकालकर पीटा; पति पर एफआईआर दर्ज



शिवपुरी (निज संवाददाता)। शिवपुरी शहर के देहात थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट, प्रताड़ना और बेटा न होने पर मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि तीन बेटियां होने के कारण उसे लगातार ताने दिए जाते रहे। वहीं पति ने पत्नी के सभी आरोपों को निराधार बताते हुए उल्टा उसी पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

देहात थाना क्षेत्र की गौशाला निवासी आरती ओझा (29) पत्नी संतोष ओझा शुक्रवार को अपने मायके पक्ष के लोगों के साथ थाने पहुंची। आरती ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी करीब 9-10 साल पहले संतोष ओझा से हुई थी। उनके तीन बेटियां हैं। आरोप है कि पति, ससुर अशोक ओझा, सास अंगूरी बाई ओझा, धर्मेंद्र ओझा, अरुण ओझा और विक्की ओझा आए दिन छोटी-छोटी बातों पर गाली-गलौज और मारपीट करते थे।

महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष बेटा चाहता था और इसी वजह से उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने दो बार जबरन गर्भपात भी कराया। कुछ समय पहले उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया था।

आरती के मुताबिक, 6 अगस्त की शाम वह अपने मायके वालों के साथ ससुराल पहुंची, लेकिन उसे घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे घायल होने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराना पड़ा। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह शिकायत दर्ज कराने देहात थाने पहुंची।

वहीं, इस मामले में पति संतोष ओझा भी थाने में मौजूद रहा। उसने पत्नी द्वारा लगाए गए सभी आरोपों से इनकार करते हुए उल्टा पत्नी पर ही आरोप लगाए।

देहात थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर पति के खिलाफ मारपीट से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्टेशन थाना क्षेत्र में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस जांच में जुटी



मुरैनाः स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरैना रेलवे स्टेशन के पास केएम 1261/1315 यूपी आरडी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र लगभग 42 वर्ष बताई जा रही है घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई। मुरैना उप स्टेशन प्रबंधक की सूचना और ट्रैक मैन गोविंदराम मीणा की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने तुरंत मर्ग कायम कर लिया है।

फिलहाल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त (पहचान) कराने के प्रयास आसपास के थानों और जिलों में तस्वीर भेजकर किए जा रहे हैं। पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि यह हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। शिनाख्त होने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में उमड़ा जन सैलाब, बड़ी संख्या में दिया हितग्राहियों को हितलाभ

ग्वालियर (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आज क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 6 पर शिविर लगाया गया। शिविर में आमजनों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया, साथ ही उन्हें हितलाभ का प्रमाण पत्र भी मौके पर ही भेंट किया गया। इसके साथ ही आमजनों की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि आम जनों को अपनी परेशानियों के लिए भटकना नहीं पडे, साथ ही उनकी समस्याओं का एक ही स्थान पर निराकरण हो सके, इसके लिए प्रत्येक शुक्रवार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पहला शिविर क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 6 में लगाया गया। शिविर में नगर निगम के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में बडी संख्या में हितग्राही हितलाभ लेने पहुचें। जिसमें से मौके पर ही 13 कल्याणी पेंशन योजना का लाभ दिया गया, 5 लोगों द्वारा साफ सफाई से संबंधित समस्याएं बताईं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया, इसी प्रकार 1 नामांकन, एवं 3 शिकायतकर्ताओं को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण दिलाए गए। जबकि 5 स्ट्रीट लाइट एवं 2 सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके साथ ही सैकड़ों की संख्या में आवेदन लिए गए जिनका निराकरण किया जाएगा।

**इन शुक्रवार को यहां पर लगेगा शिविर** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत अगला शिविर दिनांक 14 अगस्त को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 08, पर लगेगा, जबकि इसके बाद दिनांक 21 अगस्त को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 16, दिनांक 11 सितम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 2, दिनांक 18 सितम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 9, दिनांक 25 सितम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 17, 9 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 10 (जिला स्तरीय शिविर), दिनांक 16 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 03 एवं 14, दिनांक 23 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 10 एवं 24, दिनांक 30 अक्टूबर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 07 एवं 22, दिनांक 6 नवम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 04 एवं 20, दिनांक 13 नवम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11 एवं 21, दिनांक 20 नवम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 18 एवं 25, दिनांक 27 नवम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 23, दिनांक 04 दिसम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 05, दिनांक 12 दिसम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 12, दिनांक 18 दिसम्बर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 19, दिनांक 01 जनवरी 2027 को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 01 एवं दिनांक 8 जनवरी 2027 को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 13 पर षिविर आयोजित किए जाएगें।

## संपादकीय

# नशे के विरुद्ध एक अभियान

-मृत्युंजय दीक्षित

देश को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना और दूसरा, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' का प्रारंभ करते हुए वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री ने कहा कि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। नशे की लत युवाओं के सपनों और परिवार दोनों को ही तोड़ देती है। नशा केवल व्यक्ति या परिवार को नहीं बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं, योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियन 125 से अधिक आध्यात्मिक, सामाजिक तथा सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आर्ट ऑफ़ लिविंग, गायत्री परिवार, इस्कॉन से लेकर माता अमृतानंदमयी मठ जैसे संगठन इस अभियान से जुड़ कर कार्य कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद् पहले से व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चला रहा है।

युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी नशे की जड़ों पर प्रहार करने का युद्ध छेड़ रखा है। ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। तस्करी करके बड़ी मात्रा में विदेशों से आने वाली ड्रग्स की जब्ती बंदरगाहों तथा एयरपोर्ट्स की जा रही है और उसे नष्ट किया जा रहा है। वर्ष 2021 में 2988 किलो हेराइन, 2022 में 927 किलो गांजा, 2023 में 122 किलो मेफेड्रोन, 2024 में 770 किलो मेथाफाटेमाइन और 2026 में फिर 522 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार 2020 से मई 2025 तक तक 116 बड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए 1,09,318 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं और उनको नष्ट किया गया है।

वर्तमान समय में नशे का सबसे बड़ा केन्द्र पंजाब तथा पूर्वोत्तर के कई छोटे राज्य हैं। विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के युवाओं को नशे की लत में धकेलने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अपने कुत्सित प्रयासों को सफल बनाने के लिये ये लोग स्थानीय स्तर के अपराधियों व बिगड़ैल युवाओं का सहारा लेते हैं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब में नशे के संकट पर चिंता जताते हुए कहा था कि नशा राज्य के अस्तित्व पर खतरा बन सकता है।संगठित गिरोहों की जांच में पुलिस प्रशासन के साथ ही अदालत को भी सतर्क रहना होगा।

भारत में ड्रग्स की खेप कई रास्तों से आती है। बांग्लादेश-पाकिस्तान तथा नेपाल सीमा से ड्रग्स आसानी से आ-जा रहा है। गुजरात के समुद्री तट से भी नशे का कारोबार कंटेनर और समुद्री मार्ग से चलता आ रहा है। हालांकि, सरकार के प्रयासों से कुछ रोकथाम हुई है किंतु खतरा बरकरार है। म्यांमार से भी ड्रग्स की तस्करी हो रही है। यही नहीं छोटे-छोटे देश मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, मालदीव, हांगकांग सहित तमाम देशों से ड्रग्स की सप्लाई अनेक प्रकार से हो रही है। पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन ड्रोन आदि के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रग्स, हथियार व धन गिराते रहते हैं। इस प्रकार नशे की सप्लाई अनेक तरीकों से होती है और उन्हें भारत के किशोरों तथा युवाओं तक विभिन्न तरीकों से पहुंचाया जाता है। वर्ष 2025 में एम्स के सर्वे में पाया गया कि 11 से 14 वर्ष की उम्र में ही किशोर नशीले पदार्थों के संपर्क मे आ गए थे। इन विषम परिस्थितियों को देखते हुए यह वृहद अभियान प्रारंभ किया गया है। नशे से आतंकवाद को पनपने में बहुत मदद मिलाती है इसलिए, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवाओं ने भाग लिया और एक साथ नशा मुक्त भारत की शपथ ली। नशामुक्ति का यह अभियान राजनीति से दूर रहकर चलना चाहिए तभी भारत के किशोर, युवा और परिवार तथा बहन -बेटियां सुरक्षित जीवन जी सकेंगी और वर्ष -2047 तक भारत विकसित भारत बनकर उभर सकेगा।

# आरटीआई या रंगदारी का नया धंधा ?

बृज खंडेलवाल द्वारा

8 अगस्त 2026

सूचना का अधिकार कानून कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार माना जाता था। इसे जनता की आंख और कान कहा गया। उम्मीद थी कि सरकारी फाइलों में छिपे सच बाहर आएंगे और अफसर जवाबदेह बनेंगे। लेकिन आज तस्वीर बदलती दिख रही है। कई जगह आरटीआई जनहित का नहीं, बल्कि निजी फायदे, ब्लैकमेल और उगाही का औजार बन चुकी है। कानून की आड़ में कुछ लोगों ने पूरा कारोबार खड़ा कर लिया है।

मैसूर विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कर्नाटक के पूर्व सूचना आयुक्त डॉ. एल. कृष्णमूर्ति ने इसी खतरे की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि फर्जी आरटीआई कार्यकर्ताओं की बढ़ती संख्या इस कानून की आत्मा को खत्म कर रही है। उनके अनुसार, जिस कानून ने 2जी जैसे बड़े घोटाले उजागर किए, उसी का इस्तेमाल अब सरकारी दफ्तरों को परेशान करने और बेवजह हजारों पन्नों की सूचनाएं मांगने में हो रहा है।

देशभर से सामने आए मामले इस चिंता को और बढ़ा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊना में एक स्वयंभू आरटीआई कार्यकर्ता पर आरोप लगा कि उसने पत्थर खदान संचालकों से 75 लाख रुपये की मांग की। आरटीआई से दस्तावेज जुटाए गए और फिर शिकायत करने की धमकी देकर रकम मांगी गई। सतर्कता विभाग ने जाल बिछाकर उसे पहली किश्त लेते हुए गिरफ्तार किया।

असम में दुलाल बोरा का मामला और भी चौंकाने वाला है। उस पर उगाही और धोखाधड़ी के दर्जनों मुकदमे दर्ज हुए। बताया गया कि उसने दो हजार से अधिक दूसरी अपीलें दायर कीं और कई बार एक ही दिन में सौ से ज्यादा आरटीआई आवेदन भेज दिए। आरोप था कि बाद में अधिकारियों और ठेकेदारों से पैसे लेकर मामलों को ठंडे बस्ते में डालने का खेल चलता था।

हरियाणा के गुरुग्राम में एक आरटीआई कार्यकर्ता और एक यूट्यूबर पर स्कूल प्रबंधन से लाखों रुपये की उगाही का आरोप लगा। पहले लगातार आरटीआई लगाई गईं, फिर अदालत और आयकर विभाग की कार्रवाई का डर दिखाया गया। अंत में शिकायतें वापस लेने के बदले मोटी रकम मांगी गई। गुजरात के सूरत में तो यह पूरा नेटवर्क बन गया। पुलिस ने दर्जनों मुकदमे दर्ज किए। आरोप था कि कुछ लोग नगर निगम से भवनों की जानकारी आरटीआई के जरिए हासिल करते, फिर मापने वाली फीता लेकर खुद को निरीक्षक बताकर निर्माण स्थलों पर पहुंच जाते। बिल्डरों और मकान मालिकों को कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर हजारों से लेकर लाखों रुपये तक वसूले जाते।

आंध्र प्रदेश में दो लोगों पर सूचना आयोग ने आगे आरटीआई लगाने तक पर रोक लगा दी। आयोग ने पाया कि वे एक के बाद एक दर्जनों अपीलें और शिकायतें दायर कर सरकारी अधिकारियों को लगातार परेशान कर रहे थे। कई आवेदन वर्षों पुराने रिकॉर्ड मांगते थे, जिनका जनहित से कोई सीधा संबंध नहीं था।

तमिलनाडु के थेनी में एक व्यक्ति ने 781 आरटीआई आवेदन केवल जिला न्यायालय के खिलाफ दायर कर दिए। नतीजा यह हुआ कि सरकारी कामकाज प्रभावित होने लगा। सूचना आयोग ने उस पर जुर्माना लगाया और इसे कानून के खुले दुरुपयोग का मामला बताया।

यह केवल कुछ अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं। इन मामलों का तरीका लगभग एक जैसा है। पहले आरटीआई डालो। फिर दस्तावेज जुटाओ। उसके बाद शिकायत, जांच या मीडिया में बदनामी का डर दिखाओ। आखिर में समझौते के नाम पर पैसे मांगो। कई जगह निजी दुश्मनी निकालने के लिए भी आरटीआई का इस्तेमाल किया गया। कहीं एक ही विषय पर सैकड़ों आवेदन भेजे गए, तो कहीं पूरे विभाग को कागजों के ढेर में दबा दिया गया।

सर्वोच्च न्यायालय भी कई बार ऐसी प्रवृत्ति पर चिंता जता चुका है। अदालत ने कहा कि आरटीआई का इस्तेमाल ईमानदार अधिकारियों को डराने या सरकारी कामकाज रोकने के लिए नहीं होना चाहिए। एक अन्य टिप्पणी में अदालत ने यहां तक कहा कि आरटीआई एक्टिविज्म कुछ मामलों में नया कारोबार बनता जा रहा है।

सबसे दुखद बात यह है कि ऐसे लोग खुद को समाजसेवी और भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा बताकर कानून की साख को चोट पहुंचाते हैं। जनता का भरोसा कमजोर होता है। सरकारी दफ्तर हर आवेदक को शक की नजर से देखने लगते हैं। असली और नकली के बीच की रेखा धुंधली होने लगती है। आरटीआई कानून का जन्म जनता को ताकत देने के लिए हुआ था, लेकिन कुछ स्वार्थी तत्वों ने इसे दबाव, धमकी और वसूली के हथियार में बदलने की कोशिश की है। जब अधिकार की आड़ में कारोबार शुरू हो जाए, तो सबसे बड़ा नुकसान उसी कानून की विश्वसनीयता को होता है। आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि सूचना मांगने का अधिकार कहीं कुछ लोगों के लिए डर और सौदेबाजी का लाइसेंस तो नहीं बनता जा रहा।

# 8 अगस्त : भारत छोड़ो आंदोलन और 'करो या मरो' का अमर मंत्र – आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का शाश्वत संदेश

डॉ. भूपेन्द्र कुमार सुल्लेरे

वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

8 अगस्त भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का वह स्वर्णिम दिवस है, जिसने देश की आजादी की लड़ाई को निर्णायक मोड़ दिया। यह केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक है। 8 अगस्त 1942 को मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान (वर्तमान अगस्त क्रांति मैदान) में महात्मा गांधी ने अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिवेशन में 'भारत छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया और देशवासियों को वह अमर मंत्र दिया जिसने हर भारतीय के मन में स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित कर दी– 'करो या मरो।'

यह नारा केवल शब्दों का समूह नहीं था, बल्कि गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का अंतिम राष्ट्रीय संकल्प था। गांधीजी ने देशवासियों से कहा कि अब समय आ गया है जब भारत को हर हाल में स्वतंत्र कराना होगा। यदि आवश्यकता पड़े तो इसके लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने से भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यही कारण है कि 'करो या मरो' स्वतंत्रता संग्राम का सबसे प्रेरणादायक और प्रभावशाली संदेश बन गया।

स्वतंत्रता संघर्ष का निर्णायक चरण

सन 1942 तक भारतीय जनता अंग्रेज़ी शासन की दमनकारी नीतियों से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी थी। द्वितीय विश्वयुद्ध चल रहा था और भारत को बिना भारतीयों की सहमति के युद्ध में शामिल कर दिया गया था। महँगाई, बेरोज़गारी और आर्थिक संकट लगातार बढ़ रहे थे। दूसरी ओर अंग्रेज़ सरकार भारत को स्वतंत्रता देने के बजाय केवल आश्वासन दे रही थी। क्रिप्स मिशन की असफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि ब्रिटिश सरकार भारत को वास्तविक स्वशासन देने के पक्ष में नहीं है।

ऐसी परिस्थितियों में महात्मा गांधी ने यह महसूस किया कि अब समय आ गया है जब पूरे देश को एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष करना होगा। उन्होंने घोषणा की कि अंग्रेज़ों को भारत छोड़ना ही होगा। यही घोषणा आगे चलकर 'भारत छोड़ो आंदोलन' के रूप में इतिहास का सबसे व्यापक जनांदोलन बन गई।

**8 अगस्त 1942 : जब पूरे देश ने लिया स्वतंत्रता का संकल्प** : 8 अगस्त 1942 की रात मुंबई में कांग्रेस के अधिवेशन में भारत छोड़ो प्रस्ताव पारित हुआ। गांधीजी ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा–

'मैं आपको एक छोटा-सा मंत्र देता हूँ–करो या मरो।'

इसका अर्थ स्पष्ट था कि अब पीछे हटने का कोई प्रश्न नहीं है। भारत की स्वतंत्रता ही अंतिम लक्ष्य है। यह संदेश देश के कोने-कोने तक पहुँचा और देखते ही देखते लाखों लोग स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए।

अंग्रेज़ों की दमनकारी नीति और जनता का अद्भुत साहस

9 अगस्त की सुबह होते-होते अंग्रेज़ सरकार ने गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आज़ाद और लगभग सभी प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। अंग्रेज़ों को लगा कि नेतृत्व को जेल में डाल देने से आंदोलन समाप्त हो जाएगा।

लेकिन इतिहास ने कुछ और ही लिखा था।

नेताओं की गिरफ्तारी के बाद भी आंदोलन पूरे देश में स्वतः फैल गया। विद्यार्थी विद्यालयों और महाविद्यालयों से निकलकर सड़कों पर आ गए। किसानों ने अंग्रेज़ी शासन का विरोध किया। मजदूरों ने हड़तालें कीं। अनेक स्थानों पर रेल और संचार व्यवस्था बाधित हुई। लोगों ने अंग्रेज़ी शासन को खुली चुनौती दे दी। यह आंदोलन किसी एक नेता का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का आंदोलन बन चुका था।

युवाओं की भूमिका : स्वतंत्रता के लिए सब कुछ न्योछावर

भारत छोड़ो आंदोलन में युवाओं ने अभूतपूर्व साहस का परिचय दिया। हजारों विद्यार्थियों ने अपनी पढ़ाई छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। अनेक युवाओं ने जेल यात्राएँ कीं और कई अपने प्राणों का बलिदान देकर अमर हो गए।

आज जब हम आधुनिक भारत के युवाओं की बात करते हैं, तब हमें यह याद रखना चाहिए कि उस समय के युवाओं ने अपने व्यक्तिगत भविष्य से अधिक राष्ट्र के भविष्य को महत्व दिया। उनके लिए करियर, नौकरी या सुविधाएँ नहीं, बल्कि भारत माता की स्वतंत्रता सर्वोपरि थी।

महिलाओं का अद्वितीय योगदान

भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं ने भी अद्भुत साहस और नेतृत्व का परिचय दिया। अरुणा आसफ़ अली ने अंग्रेज़ी दमन के बावजूद तिरंगा फहराया। उषा मेहता ने भूमिगत रेडियो चलाकर स्वतंत्रता सेनानियों तक संदेश पहुँचाए। देशभर की हजारों महिलाओं ने जेल यात्राएँ कीं और अनेक ने अपने परिवार की चिंता किए बिना स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

यह आंदोलन इस बात का प्रमाण है कि भारत की स्वतंत्रता केवल पुरुषों के संघर्ष का परिणाम नहीं थी, बल्कि महिलाओं ने भी समान रूप से अपना योगदान दिया।

गुमनाम बलिदानियों को याद करना भी हमारा कर्तव्य

जब भी स्वतंत्रता संग्राम की चर्चा होती है, तब गांधीजी, नेहरू, पटेल, सुभाषचंद्र बोस और भगत सिंह जैसे महान नेताओं का स्मरण स्वाभाविक है। लेकिन हमें उन लाखों गुमनाम भारतीयों को भी नहीं भूलना चाहिए, जिनके नाम इतिहास की पुस्तकों में शायद दर्ज नहीं हैं।

किसान, मजदूर, शिक्षक, व्यापारी, आदिवासी, महिलाएँ और सामान्य नागरिक–इन सबने स्वतंत्रता की लड़ाई को जन-आंदोलन बनाया। हजारों लोग गोलियों से शहीद हुए, लाखों जेलों में बंद रहे और असंख्य परिवारों ने कठिनाइयाँ झेलीं। उन्हीं के त्याग और बलिदान की नींव पर स्वतंत्र भारत का निर्माण हुआ।

'करो या मरो' का आधुनिक अर्थ

आज भारत स्वतंत्र है। इसलिए 'करो या मरो' का अर्थ बदल गया है, लेकिन उसकी आत्मा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

आज यह संदेश हमें प्रेरित करता है कि–

राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करें।

भ्रष्टाचार और अन्याय का विरोध करें।

पर्यावरण की रक्षा करें।

सामाजिक समरसता को मजबूत करें।

जाति, धर्म और भाषा के आधार पर समाज को बाँटने वाली प्रवृत्तियों से दूर रहें।

भारत को ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का संकल्प लें।

आज का 'करो या मरो' यह है कि हम अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

नई पीढ़ी को इतिहास क्यों जानना चाहिए?

आज की अधिकांश युवा पीढ़ी ने स्वतंत्रता का संघर्ष नहीं देखा। उन्हें स्वतंत्र भारत सहज रूप से मिला है। इसलिए उनके मन में स्वतंत्रता का मूल्य समझाने की जिम्मेदारी परिवार, विद्यालय, विश्वविद्यालय और समाज की है।

यदि नई पीढ़ी यह नहीं जानेगी कि स्वतंत्रता कैसे मिली, तो वह उसके महत्व को भी नहीं समझ पाएगी। इतिहास केवल परीक्षा पास करने का विषय नहीं है; वह राष्ट्र के चरित्र का आधार है। जो समाज अपने इतिहास और अपने बलिदानियों को भूल जाता है, वह अपने भविष्य को भी सुरक्षित नहीं रख पाता।

आज आवश्यकता है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने नायकों की कहानियाँ पढ़ाई जाएँ, स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया जाए और युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना विकसित की जाए।

विकसित भारत और भारत छोड़ो आंदोलन की प्रेरणा

भारत वर्ष 2047 में अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करेगा। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक स्वयं को राष्ट्र निर्माण का सहभागी माने।

आज हमें एक नए भारत छोड़ो आंदोलन की आवश्यकता है–लेकिन इस बार लक्ष्य अंग्रेज़ी शासन नहीं, बल्कि गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, सामाजिक विभाजन, पर्यावरण प्रदूषण, अंधविश्वास और नैतिक पतन को देश से बाहर करना है।

यदि प्रत्येक भारतीय यह संकल्प ले कि वह अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, उत्कृष्टता और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देगा, तो भारत निश्चित रूप से विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनेगा।

8 अगस्त 1942 का भारत छोड़ो आंदोलन केवल स्वतंत्रता संग्राम की एक घटना नहीं था, बल्कि भारतीय जनशक्ति, आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का महान उदाहरण था। 'करो या मरो' का मंत्र आज भी हमें यह सिखाता है कि जब राष्ट्रहित का प्रश्न हो, तब व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को केवल यह न बताएँ कि भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ, बल्कि यह भी बताएँ कि इस स्वतंत्रता के पीछे कितने लाख लोगों का त्याग, संघर्ष और बलिदान छिपा है। जब नई पीढ़ी इन बलिदानों को समझेगी, तभी वह स्वतंत्रता का वास्तविक मूल्य भी समझेगी।

आइए, 8 अगस्त को केवल इतिहास का एक अध्याय न मानें, बल्कि इसे राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाएँ। संकल्प लें कि हम अपने राष्ट्र के विकास, सामाजिक समरसता, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता के लिए निरंतर कार्य करेंगे। यही भारत छोड़ो आंदोलन के अमर सेनानियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और यही महात्मा गांधी के 'करो या मरो' मंत्र का आधुनिक भारत में सबसे सार्थक रूप होगा।

वंदे मातरम। भारत माता की जय।

# छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने महतारी वंदन योजना की 30 वीं किस्त जारी की

### -महिलाओं के खातों में 630.55 करोड़ रुपये ट्रांसफर



रायपुर, 07 अगस्त (हि.स.)। छत्तीसगढ़ सरकार ने शुक्रवार को महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त जारी कर दी है। इसके तहत राज्य की 67 लाख 20 हजार 125 महिलाओं के खातों में 630.55 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1,000 रुपये भेजे हैं।।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त के तहत प्रदेश की 67.20 लाख पात्र महिलाओं को लाभ मिला है। पूरी राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के जरिए भेजी गई है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ बिना किसी मध्यस्थ के सीधे हितग्राहियों तक पहुंचे।

राज्य सरकार ने इस किस्त के लिए कुल 630.55 करोड़ रुपये जारी किए हैं। सरकार का कहना है कि यह राशि महिलाओं को घरेलू जरूरतों, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक खर्चों में आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

महतारी वंदन योजना के तहत अब तक राज्य सरकार 19,444.33 करोड़ रुपये से अधिक की राशि महिलाओं के खातों में हस्तांतरित कर चुकी है। सरकार के अनुसार यह योजना प्रदेश की सबसे बड़ी महिला कल्याण योजनाओं में शामिल हो चुकी है और लाखों परिवारों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना भी है। नियमित आर्थिक सहयोग मिलने से महिलाएं परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में अधिक प्रभावी भूमिका निभा रही हैं।

# बलरामपुर : एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराया तो खाद-बीज से लेकर धान खरीद तक में आ सकती है परेशानी

### समय रहते किसान कराएं पंजीयन, गांव-गांव पहुंच रही राजस्व और कृषि विभाग की टीम




बलरामपुर, 07 अगस्त (हि.स.)।बलरामपुर जिले में किसानों को डिजिटल कृषि सेवाओं से जोड़ने के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अभियान तेज कर दिया गया है। समय पर पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को भविष्य में खाद-बीज प्राप्त करने, धान खरीद, डिजिटल क्रॉप सर्वे सहित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है। इसे देखते हुए आज शुक्रवार को राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमें गांव-गांव पहुंचकर किसानों का पंजीयन करा रही हैं। किसानों की सुविधा के लिए सेवा सहकारी समितियों, कॉमन सर्विस सेंटर और उचित मूल्य दुकानों में भी पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

एग्रीस्टेक के माध्यम से प्रत्येक किसान की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान तैयार की जा रही है। किसान आईडी बनने के बाद धान खरीदी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि मशीनीकरण योजना और मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। इससे किसानों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों में दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता भी कम होगी।

# देवपुरी फ्रूट मार्केट के बाहर ट्रैफिक सुधारने बड़ा फैसला, व्यस्त समय में ट्रकों की एंट्री बंद

रायपुर, 7 अगस्त (हि.स.)। लालपुर ब्रिज चौक और देवपुरी फ्रूट मार्केट क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम को कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस और फ्रूट मार्केट समिति के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, पचपेड़ी नाका थाना प्रभारी तथा देवपुरी फ्रूट मार्केट के अध्यक्ष सचिन चौधरी, सचिव और अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने लालपुर ब्रिज चौक से फ्रूट मार्केट तक जाम की समस्या पर चर्चा की और समाधान के लिए सहमति बनाई। निर्णय के अनुसार, प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक फ्रूट मार्केट में मालवाहक वाहनों के प्रवेश और निकासी पर रोक रहेगी। यह व्यवस्था इसलिए लागू की जा रही है ताकि व्यस्त समय में सड़क पर ट्रकों की आवाजाही कम हो और यातायात सुचारु बना रहे। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि, नई व्यवस्था लागू होने से लालपुर, अमलीडीह और देवपुरी क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों और अन्य वाहन चालकों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही, सड़क पर आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुगम होगा।

# आठ अगस्त से नारायणपुर-ओरछा मार्ग पर यात्री बसों का परिचालन बंद रहेगा



नारायणपुर, 07 अगस्त (हि.स.)। जिले के ओरछा को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग की बदहाल स्थिति अब यात्रियों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े गड्ढों और बारिश के कारण बिगड़ी स्थिति से परेशान बस संचालकों ने अब बस ओरछा के लिए बस सेवा बंद करने का फैसला लिया है। बस संचालकों के अनुसार 8 अगस्त से नारायणपुर-ओरछा मार्ग पर यात्री बसों का परिचालन बंद रहेगा।

बस संचालकों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की हालत खराब है। बारिश के मौसम में मार्ग की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। कई स्थानों पर सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिसके कारण बसों को चलाने में काफी परेशानी हो रही है। लगातार खराब सड़क पर वाहन चलाने से बसों में तकनीकी खराबी आने के साथ मरम्मत का खर्च भी बढ़ रहा है।

नारायणपुर-ओरछा मार्ग क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी मार्ग से ओरछा, छोटेडोंगर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग नारायणपुर जिला मुख्यालय तक आवागमन करते हैं। सड़क की खराब हालत के कारण यात्रियों को सफर के दौरान दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बस संचालकों का कहना है कि कई बार सड़क की समस्या को संबंधित विभाग और प्रशासन के संज्ञान में लाया गया, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और खराब होने के बाद अब बस संचालन करना मुश्किल हो गया है। बस संचालक धनराज जैन ने बताया कि नारायणपुर ओरछा मुख्य मार्ग एवं नारायणपुर कोंडागांव मुख्य मार्ग की सड़के जर्जर एवं खस्ताहाल हो गई है। जिसमें वाहनों का संचालन वर्तमान में संभव नहीं है, सड़क के गढ्ढों में बसें फंस जाती है तो कई बार बसों के कलपुर्जे टूट फूट जाते हैं।

# 'साहब, पैमाइश हो गई' - ककोड़े लेकर DM के पास पहुंचा किसान

**जंगली ककोड़ा लेकर जिलाधिकारी का आभार जताने जनता दर्शन, जनसुनवाई में पहुंचा किसान,03 साल से लटकी थी पैमाइश, जनता दर्शन में सुनवाई से मिली राहत**

**जनता दर्शन में किसान ने किया जिलाधिकारी मनीष बंसल जी का आभार व्यक्त,बाह के बसई अरेला के किसान रामप्रकाश की 3 वर्ष से लंबित भूमि पैमाइश का हुआ निस्तारण**

**जनता दर्शन बना किसानों की उम्मीद**



आगरा (निज संवाददाता)। तहसील समाधान दिवस हो या कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन जनता दर्शन की जन सुनवाई जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी द्वारा प्राथमिकता से किसानों की भूमि पैमाइश, चकरोड अतिक्रमण, खाद बीज की शिकायतें हों या पेंशन आदि के मामले सभी प्रकरणों में त्वरित प्रभावी कार्रवाई की जाती है और अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं।

आज सुबह जनता दर्शन में जब जिलाधिकारी जनसुनवाई कर रहे थे एक किसान जंगली ककोड़ा लेकर जिलाधिकारी के पास आभार जताने पहुंचा।

तहसील बाह के बसई अरेला निवासी किसान रामप्रकाश पुत्र रोशनलाल की भूमि की पैमाइश का कार्य काफी दिनों लंबित था, भूमि पैमाइश होने पर उचित सुनवाई और सहायता मिलने पर किसान ने जिलाधिकारी से कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में मिल कर आभार जताया।

गौरतलब है कि 06 जुलाई को तहसील बाह के संपूर्ण समाधान दिवस में किसान ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई थी कि 03 वर्ष से राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उसकी भूमि की पैमाइश नहीं कर रहे शिकायत करने पर गलत रिपोर्ट लगाकर टालमटोल कर रहे हैं, जिलाधिकारी ने किसान की शिकायत को गंभीरता से सुनकर मौके पर ही संबंधित राजस्व निरीक्षक से जवाब तलब कर पैमाइश न करने पर फटकार लगाई थी।

आज जनता दर्शन में आए किसान बताया कि जिलाधिकारी द्वारा उचित सुनवाई करने से उसकी जमीन की पैमाइश हो गई है और उसे बड़ी राहत मिली है, गरीब किसान ने जिलाधिकारी की कार्यशैली की बार बार सराहना की तथा आभार व्यक्त करते हुए अपने साथ लाए थैले से सब्जी (जंगली ककोड़े) निकाल के देने की इच्छा व्यक्त की। किसान के चेहरे पर खुशी देख कर जिलाधिकारी भी मुस्कराये बिना नहीं रह सके। जिलाधिकारी ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे तहसील दिवस व प्रतिदिन जनता दर्शन-जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें,चकरोड अतिक्रमण, भूमि पैमाइश अन्य सार्वजनिक भूमि पर हुए अतिक्रमणों की शिकायतों का तत्काल गंभीरता से कार्यवाही कर निस्तारण कर कार्रवाई सुनिश्चित करें,कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# आगरा में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत का नगर निगम पर प्रदर्शन, सावन परिक्रमा मार्ग को दुरुस्त करने की उठी मांग



आगरा (निज संवाददाता)। 'हर हर महादेव' के गगनभेदी जयकारों के साथ अंतरराष्ट्रीय हिन्दू महासंघ भारत के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने नगर निगम पर जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर निगम गेट पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए नगर आयुक्त कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने जुलूस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार्यकर्ताओं के भारी जोश के आगे पुलिस को पीछे हटना पड़ा। अपर आयुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चाहर ने मांग पत्र पढ़कर सुनाया। राष्ट्रीय संयोजक सुमित कटियार ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि सावन माह में हिन्दू समाज भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करता है और आगरा के चारों कोनों पर प्राचीन शिव मंदिर स्थित हैं। उन्होंने मांग की कि प्राचीन शिव मंदिरों के पैदल परिक्रमा मार्ग से जलभराव और कंकड़-पत्थर हटाए जाएं तथा मिट्टी डलवाकर मार्ग को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए।

उन्होंने आगे कहा कि जब किसी अन्य पर्व पर व्यापक व्यवस्थाएं की जाती हैं, तो हिन्दू त्योहारों और शिव भक्तों की आस्था पर भी प्रशासन को विशेष ध्यान देना चाहिए। मंदिरों के आसपास फैली गंदगी को तत्काल प्रभाव से हटवाने की मांग की गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चाहर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव चौहान और उपाध्यक्ष अर्जुन गिरज ने संयुक्त रूप से सावन परिक्रमा मार्ग पर चिकित्सा शिविर लगाने तथा इस पवित्र माह में मीट-मांस की दुकानें बंद रखने की पुरजोर मांग रखी। अपर आयुक्त महोदय ने सभी मांगों पर सहमति जताते हुए शीघ्र अग्रिम कार्रवाई का आश्वासन दिया। ?जुलूस का संचालन महानगर अध्यक्ष विनोद गौतम ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनोद सक्सेना, शहर प्रभारी दीपक जैन, जसवीर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी सतीश मिश्रा, रौनक दीक्षित, निपुर्द खंडेलवाल, विमल प्रजापति, श्याम पहलवान, अनुराग शर्मा, कुनाल माहौर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी द्वारा गठित टीमों के माध्यम से जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु की गई आकस्मिक छापामार की कार्यवाही




**03 टीमों द्वारा 30 उर्वरक नमूने ग्रहीत, 04 विक्रेताओं के उर्वरक प्राधिकार पत्र किया गया निलम्बित**

**10 प्रतिष्ठानों के बन्द पाए जाने पर नोटिस जारी, अभिलेख अपूर्ण मिलने पर की गयी कार्रवाई**

**जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध, निर्धारित खुदरा मूल्य पर ही खरीदें किसान**

**अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत, कन्ट्रोल रूम दूरभाष संख्या 7302640291 पर कराएं दर्ज**

आगरा. 07.08.2026/आज शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी महोदय श्री मनीष बंसल जी द्वारा गठित टीमों के माध्यम से जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आकस्मिक छापामार कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के लिए कुल 03 टीमों का गठन किया गया, जिसमें जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी गुफरान अहमद तथा सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी/तहसीलदार को शामिल किया गया।

गठित टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए कुल 30 उर्वरक नमूने ग्रहीत किए गए। छापामार कार्यवाही के दौरान अभिलेख अपूर्ण पाए जाने के कारण कुल 04 विक्रेताओं के उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बित किए गए। इनमें 01 सदर तहसील, 02 फतेहाबाद तहसील तथा 01 किरावली तहसील के विक्रेता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिष्ठान बन्द पाए जाने पर सम्बन्धित प्रतिष्ठानों को नोटिस निर्गत करने की कार्यवाही की गयी।

जिला कृषि अधिकारी श्री विनोद कुमार ने बताया कि जनपद में वर्तमान में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। उपलब्ध उर्वरकों में 19,836 मैट्रिक टन यूरिया, 9,781 मैट्रिक टन डी.ए.पी., 7,220 मैट्रिक टन एम.ओ.पी., 12,848 मैट्रिक टन एन.पी.के. तथा 2,496 मैट्रिक टन एस.एस.पी. उपलब्ध है। उन्होंने किसान भाईयों से अपील की है कि जनपद में सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के यहां निरन्तर उर्वरकों का प्रेषण कराया जा रहा है। किसान उर्वरक की बोरी पर अंकित निर्धारित खुदरा मूल्य (एम.आर.पी.) पर ही उर्वरक क्रय करें तथा अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जाने की स्थिति में इसकी शिकायत करें।

अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत के लिए जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम दूरभाष संख्या 7302640291 पर किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# धौलपुर डाकघरों में वाटरप्रूफ राखी लिफाफे और बॉक्स उपलब्ध बारिश में भी सुरक्षित पहुंचेगी बहनों की राखी



धौलपुर (निज संवाददाता)। मंडल के सभी डाकघरों में विशेष राखी लिफाफे उपलब्ध हैं। बारिश के मौसम में राखी और अन्य डाक सामग्री भीगने की चिंता को दूर करने के लिए डाकघरों में वाटरप्रूफ लिफाफे एवं बॉक्स उपलब्ध कराए गए हैं। इनकी मदद से बहनें अपनी राखी को सुरक्षित तरीके से अपने भाई तक भेज सकती हैं। अधीक्षक डाकघर धौलपुर लक्ष्मी मीना ने बताया कि रक्षाबंधन के अवसर पर डाक विभाग की ओर से राखी की सुरक्षित एवं समय पर डिलीवरी को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। बारिश के मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ लिफाफे 10 रुपये और 15 रुपये की कीमत में उपलब्ध हैं, जबकि राखी व अन्य सामग्री को सुरक्षित भेजने के लिए 30 रुपये का बॉक्स वाला विशेष पैकेज भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि बहनों की राखी बारिश में खराब न हो और सुरक्षित रूप से भाई तक पहुंचे इसी उद्देश्य से डाकघरों में वाटरप्रूफ लिफाफे और बॉक्स उपलब्ध कराए गए हैं। बहनें नजदीकी डाकघर से इन्हें प्राप्त कर अपनी राखी सुरक्षित भेज सकती हैं। डाक विभाग की इस पहल से राखी भेजने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

# जैव प्रौद्योगिकी विभाग में नव प्रवेशित छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

आगरा (निज संवाददाता)। कॉलेज, आगरा के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में सत्र 2026-27 में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के मुख्य प्रॉक्टर प्रो. वी.के. सिंह, डॉ. संध्या यादव तथा विभाग प्रभारी डॉ. श्याम गोविंद द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. नीता रानी ने सरस्वती वंदन किया जिससे वातावरण ज्ञान और सकारात्मकता से भर गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. यशस्विता चौहान ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल ने आगरा कॉलेज के 200 वर्षों से अधिक के गौरवशाली इतिहास, परंपराओं एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. ए. के. उपाध्याय ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग की उपलब्धियों और विभाग के योगदान की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. दिव्या अग्रवाल ने जैव प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम, व्यावहारिक उपयोगिता एवं भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैव प्रौद्योगिकी आज चिकित्सा, कृषि, पर्यावरण एवं उद्योग के क्षेत्र में किस प्रकार क्रांति ला रही है। डॉ. नीता रानी अग्रवाल ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. के. सी. मेहता के शोध कार्यों एवं उनके द्वारा पादप रोग विज्ञान के क्षेत्र में दिए गए योगदान के बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बनाने के लिए द्वितीय वर्ष के मेधावी छात्रों प्रदीप, कुशाल, अनिकेत एवं नमन ने अपने शैक्षणिक एवं प्रयोगशाला अनुभव नव प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ साझा किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रशांत पचौरी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभाग के सभी प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम अनुशासन एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# आगामी नगरीय निकाय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तथा हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की जिला कलक्टर ने की समीक्षा




धौलपुर (निज संवाददाता)। आगामी नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी उपखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी शांतिपूर्ण भयमुक्त एवं प्रलोभन-मुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र मतदाता को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए आयोग के दिशा-निर्देशों एवं विधिक प्रावधानों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूचियों को अद्यतन करने मतदान केन्द्रों की स्थापना मतदान दलों के गठन कार्मिकों के प्रशिक्षण निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान कर वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात उसकी प्रभावी पालना सुनिश्चित की जाए तथा मतदाताओं को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रयास के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण करने तथा प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पेयजल बिजली छाया शौचालय रैंप व्हीलचेयर सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजन वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य पात्र मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुरूप विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से निर्वाचन कार्य में लगे सभी कार्मिकों का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा प्रत्येक गतिविधि की नियमित समीक्षा करते हुए किसी भी प्रकार की कमी को समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है और प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का समयबद्ध एवं प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करे।

हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाएं

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि जिलेभर में 9 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले नगरीय निकाय पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान की शुरुआत 9 अगस्त को प्रातः 8 से 11 बजे तक तिरंगा प्रभात फेरी के साथ होगी। 10 अगस्त को प्रत्येक ग्राम पंचायत में नागरिकों एवं विद्यार्थियों की भागीदारी से ई-बाइक साइकिल ट्रैक्टर एवं तिरंगा रैलियां निकाली जाएंगी। 11 एवं 12 अगस्त को तिरंगा एवं वंदे मातरम विषयक प्रदर्शनियों एवं मेलों का आयोजन किया जाएगा जिनमें तिरंगे के महत्व पर आधारित फोटो एवं वीडियो प्रदर्शनी हस्तशिल्प हाथ से तिरंगा निर्माण राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी गतिविधियां तथा स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने के पश्चात उसे वेबसाइट ूणींतहींतजपतंदहंण्बवउ पर अपलोड करनी होगी। इसी क्रम में 13 से 17 अगस्त तक सरकारी कार्यालयों स्मारकों प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा थीम पर सजाया जाएगा तथा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे, जिन पर आमजन हस्ताक्षर कर राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति के संदेश अंकित कर सकेंगे। 14 अगस्त को प्रत्येक ग्राम पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिनमें स्वतंत्रता सेनानियों पूर्व सैनिकों शहीदों के परिजनों तथा सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। वहीं, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण के साथ सभी नागरिकों को तिरंगा शपथ दिलाई जाएगी। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धौलपुर में 10 अगस्त सोमवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस सद्भावना सम्मेलन शपथ ग्रहण प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि सांसद विधायक शामिल होंगे

धौलपुर (निज संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर अल्पसंख्यक विभाग का सद्भावना सम्मेलन एवं शपथपत्र ग्रहण समारोह दिनांक 10 अगस्त दिन सोमवार समय दोपहर 2 बजे स्थान कृष्णा मैरिज होम तुलसी वन रोड बाड़ी जिला धौलपुर में प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग राजस्थान एवं चेयरमैन पूर्व राज्यमंत्री राजस्थान मदरसा बोर्ड राजस्थान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा जिला अल्पसंख्यक विभाग धौलपुर की अध्यक्ष शबनम खान के अनुसार सद्भावना सम्मेलन एवं शपथपत्र ग्रहण समारोह में गरिमामयी उपस्थिति लोकसभा सांसद भजनलाल जाटव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष विधायक रोहित वोहरा जिला अध्यक्ष विधायक संजय कुमार जाटव धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा बाड़ी विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत परमार पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा कार्यक्रम के अतिथि होंगे इस जिला स्तरीय सम्मेलन में जिला कांग्रेस पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष गण अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष जन प्रतिनिधि सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन मौजूद रहेंगे।

# धौलपुर दुर्गा कॉलोनी डकैती खुलासा रिश्ते के बहाने लूट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार नगदी जेवर-कट्टा बरामद



धौलपुर (निज संवाददाता)। भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर प्रीति चन्द्रा व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर वैभव शर्मा आरपीएस व वृताधिकारी वृत्त शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड़ आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में व थानाधिकारी थाना निहालगंज देवेन्द्र शर्मा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना क्षेत्र की दुर्गा कॉलोनी में घर में घुसकर डकैती की घटना में 04 मुल्जिमों गिरफ्तार किया गया। घटना दिनांक 29 जुलाई 2026 को प्रार्थिया सायरा खातून पत्नी अब्दुल गफ्फार जाति मुसलमान उम्र 60 साल निवासी दुर्गा कॉलोनी न्यू चर्च के पास थाना निहालगंज धौलपुर ने एक रिपोर्ट थाना पर उपस्थित होकर पेश की। कि दिनांक 28 जुलाई 2026 को समय दोपहर करीब 02 बजे की बात है कि प्रार्थिया के घर के दरवाजे पर एक महिला व पुरूष आये और प्रार्थिया से कहा कि हम अलीगढ़ उत्तरप्रदेश से आपके लड़के के रिश्ते के लिए आये हैं। उनकी बात सुनकर प्रार्थिया उन दोनों को घर के अन्दर ले गई और दोनों घर के अन्दर जाकर बैठ गये। उसके कुछ देर बाद चार अन्य व्यक्ति और उनके साथ गोद में एक बच्चा भी था। प्रार्थिया के घर में आ गये। प्रार्थिया ने उन सभी लोगों से बोला कि आप को किसने रिश्ते की बात करने के लिए भेजा है। प्रार्थिया के इतने पूछने पर उक्त लोगों ने प्रार्थिया के सिर पर कट्टा लगा दिया और प्रार्थिया व प्रार्थिया के बच्चों के हाथ पैर पर टेप लगाकर बांध दिये। उसके बाद उक्त सभी मुल्जिमों ने जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थिया के घर के अन्दर रखे एक लाख पचास हजार रूपये व सोने चांदी के जेवरात, तीन मोबाइल व बैंक पासबुक व अन्य कागजात जबरन छीन ले गए। उक्त लोगों ने थाप-थप्पडों व लात घूसों से मारपीट की। लूटपाट करने तथा मारपीट कर रूपये व जेवरात लेकर उक्त मुल्जिम प्रार्थिया के घर से भाग गये। जिस पर मुकदमा 255/2026 धारा बीएनएस में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस की कार्यवाही-डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात बदमाशों की पहचान हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। जिनके द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान की गई। बदमाशों की पहचान कर सीकर खाटूश्याम वृन्दावन फतेहाबाद आगरा एवं राजस्थान व उत्तप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर दस्तयाब किया तथा घटना में शामिल आरोपी बन्टी पुत्र अयुब खांन जाति मुसलमान उम्र 38 साल निवासी खटीक खाना मौहल्ला फतेहाबाद थाना फतेहाबाद जिला आगरा उत्तरप्रदेश तेजसिंह पुत्र फतेह सिंह जाति निषाद उम्र 24 साल निवासी वीधापुरा थाना बसईअरेला बाह जिला आगरा उत्तरप्रदेश गुड्डू ठाकुर उर्फ निरोत्तम सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह उम्र 35 साल निवासी गढी राठौड सैमरा थाना खन्दौली जिला आगरा उत्तरप्रदेश वापर्दा गिरफ्तार रंजीता पत्नी रामकिशन यादव उम्र 29 साल जाति यादव निवासी सियाडी मठिया थाना सिवान जिला सिवान (बिहार) हाल निवासी किरायेदार सीएनजी पम्प के पीछे टेडी बगिया आगरा उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर को जब्त किया गया है व मुल्जिम गुड्डू परमार की इत्तला पर 01 कट्टा 12 बोर व 02 जिंदा कारतूस 12 बोर जब्त किये गये एवं 7000 रूपये व परिवादी की 01 बैंक पासबुक बरामद किये गये है। वारदात में संलिप्त आरोपी आदतन एवं कुख्यात अपराधी है। जिनके विरूद्ध पूर्व में विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज है। वारदात में संलिप्त अन्य आरोपियों एवं लूटी गई रकम व जेवरात इत्यादि के बरामदगी के प्रयास किये जा रहे हैं।

# एक करोड़ 82 लाख की लागत से बन रहे विश्रामगृह भवन का विधायक ने किया औचक निरीक्षण



## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के दिये निर्देश

दतिया। नगर के दतिया रोड पर नवीन विश्रामगृह भवन का निर्माण शुरू हो गया है, एक करोड़ 82 लाख की लागत से बनने वाले इस विश्राम गृह भवन का शुक्रवार की दोपहर विधायक प्रदीप अग्रवाल के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदार को अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्माण करने के निर्देश दिए इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के सहायक यंत्री आर के त्रिपाठी, उपयंत्री सोहन नगरिया एवं ठेकेदार उपस्थित थे ।

बता दें विधायक प्रदीप अग्रवाल के प्रयास से शासन द्वारा इंदरगढ़ ब सेवढा में एक-एक नवीन विश्राम गृह जिसमें इंदरगढ विश्रामगृह का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है यह विश्राम गृह भवन एक करोड़ 82 लाख की लागत से बनाया जाना है विभाग द्वारा नगर के दतिया रोड पर पुराने विश्राम गृह भवन की मियाद निकल जाने के कारण उसे डेड घोषित कर ध्वस्त कर दिया गया था और उसी स्थान पर नवीन विश्रामगृह भवन का निर्माण चल रहा है । विधायक प्रदीप अग्रवाल ने निरीक्षण किया और विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदार से सर्किट हाउस भवन निर्माण को लेकर चर्चा की और निर्माण में अच्छी गुणवत्ता के निर्देश दिए और विधायक ने सर्किट हाउस भवन निर्माण के साथ ही नई बाउंड्री निर्माण कराने की बात कही है विधायक प्रदीप अग्रवाल का कहना है कि इस सर्किट हाउस भवन में तीन हाल एक डाइनिंग हॉल एक मीटिंग हॉल का निर्माण कराया जाएगा और यह विश्राम गृह भवन 1 साल में बनकर तैयार हो जाएगा नवीन विश्रामगृह भवन निर्माण के निरीक्षण के दौरान विनोद उपाध्याय अनूप दातरे, सुजान रावत, पहलवान कुशवाहा, डीएस यादव ,जोगेंद्र सिंह जाट ,हरनारायण सेन, राममिलन चौधरी ,पवन पाठक ,संजय कुशवाहा आदि उपस्थित रहे ।

# चिरूला पुलिस ने स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



दतिया (निज संवाददाता)। दतिया पुलिस द्वारा फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चिरूला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला तथा एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन के मार्गदर्शन में थाना चिरूला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए स्थायी वारंटी उमेश पाल (20), निवासी ग्राम डगरई, थाना चिरूला को होमगार्ड कार्यालय के पास स्थित एक किराए के मकान से गिरफ्तार किया।आरोपी माननीय न्यायालय दतिया के प्रकरण क्रमांक 02/2022 में धारा 392, 394, 397, 364-ए, 393, 365, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट एवं 25(1-बी) आर्म्स एक्ट के तहत लंबे समय से वांछित था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जिला जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक हिमांशु भार्गव, प्रधान आरक्षक इंदल सिंह सेंगर, आरक्षक जितेंद्र साहू, दीपेश गुप्ता, गजेंद्र राजावत तथा महिला आरक्षक रागिनी कौरव की सराहनीय भूमिका रही।

# अब मनचलों की खैर नहीं: श्योपुर में शुरू हुआ 'ऑपरेशन मजनू', स्कूल-कॉलेज से बाजार तक पुलिस का सख्त पहरा

## एसपी मोती उर रहमान का बड़ा एक्शन, छेड़छाड़ और अभद्रता करने वालों पर होगी तत्काल कानूनी कार्रवाई; हेल्पलाइन जारी

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता

श्योपुर। जिले में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्योपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन मजनू' शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देश पर जिलेभर में विशेष पुलिस टीमें मैदान में उतर गई हैं। स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, बाजार, पार्क, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अब संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि छात्राओं और महिलाओं को परेशान करने, उनका पीछा करने, छेड़छाड़ करने या सार्वजनिक स्थानों पर अभद्र व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को अब किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ मौके पर ही पूछताछ कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विशेष गश्ती दल लगातार उन स्थानों पर निगरानी रख रहे हैं, जहां छात्राओं और महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती है। बिना किसी उचित कारण के स्कूल, कॉलेज या कोचिंग संस्थानों के आसपास घूमने वाले संदिग्ध युवकों से पहचान पूछी जा रही है और उनकी गतिविधियों की जांच की जा रही है। संदिग्ध पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने स्पष्ट किया है कि जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित वातावरण बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

हेल्पलाइन जारी, पहचान रहेगी पूरी तरह गोपनीय

श्योपुर पुलिस ने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए हेल्पलाइन नंबर 7049101054 जारी किया है। यदि कहीं भी छेड़छाड़, पीछा करने, अभद्रता या किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो नागरिक तुरंत इस नंबर पर सूचना दे सकते हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का साफ संदेश है– 'नारी सम्मान से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब श्योपुर में कोई जगह नहीं, कानून का शिकंजा हर हाल में कसेगा। '

# दो माह का राशन एक साथ मिलने पर उपभोक्ताओं के चेहरे खिले

## मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियानः कलेक्टर शीला दाहिमा ने पाण्डोला की उचित मूल्य दुकान का किया औचक निरीक्षण, पीओएस मशीन से जांची वितरण व्यवस्था

जिला ब्यूरो - संगीता गुप्ता





श्योपुर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने गुरुवार को ग्राम पाण्डोला उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निशुल्क खाद्यान वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन वितरण प्रक्रिया, पीओएस मशीन से बायोमैट्रिक सत्यापन तथा उपभोक्ताओं को मिलने वाले खाद्यान की जानकारी स्वयं मौके पर जांची और अधिकारियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राशन विक्रेता को स्पष्ट निर्देश दिए कि अगस्त एवं सितंबर माह के राशन के एकमुश्त वितरण संबंधी सूचना दुकान पर प्रमुखता से चस्पा की जाए, ताकि सभी पात्र हितग्राहियों को इसकी जानकारी समय पर मिल सके और किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

कलेक्टर ने मौके पर ही पीओएस मशीन से खाद्यान वितरण प्रक्रिया का परीक्षण कराया। उपभोक्ता बनवारी सुमन की खाद्यान पर्ची मशीन से जनरेट कराकर पूरी व्यवस्था का सत्यापन किया गया। बनवारी सुमन ने बताया कि उनका परिवार प्राथमिकता श्रेणी में आता है, जिसमें तीन सदस्य हैं। उन्हें प्रति सदस्य प्रतिमाह 5 किलो खाद्यान के हिसाब से 15 किलो राशन मिलता है, जबकि इस बार शासन के निर्देशानुसार दो माह का राशन एक साथ प्राप्त हुआ।

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकान पर मौजूद अंत्योदय श्रेणी की हितग्राही भरोसी बाई बैरवा एवं रामकथा बैरवा से भी चर्चा की। दोनों महिलाओं ने बताया कि उन्हें सामान्यतः प्रत्येक माह 35 किलो खाद्यान मिलता है, जबकि इस बार दो माह का राशन एक साथ मिलने से 60 किलो गेहूं एवं 10 किलो चावल प्राप्त हुआ है। उन्होंने शासन की इस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए, प्रत्येक पात्र हितग्राही को समय पर खाद्यान उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसंवाद कार्यक्रम से पूर्व जिला प्रशासन द्वारा क्लस्टर क्षेत्र के ग्रामों में विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं का जमीनी स्तर पर आकलन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवंटित ग्रामों का भ्रमण कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम गगन सिंह मीणा, तहसीलदार सुरेश राठौर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्षदों के धरने को जिला कांग्रेस भिण्ड शहर ने दिया समर्थन



भिण्ड। नगर पालिका परिषद भिण्ड में स्थाई मुख्य नगर पालिका अधिकारी की नियुक्ति, शहर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान, बेहतर सफाई व्यवस्था, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा समय पर कचरा उठाने जैसी जनहित की मांगों को लेकर पार्षद दीपक शर्मा, रामहेत शाक्य, मनीष पुरोहित, सुनील कांकर, जाहिद खान, रामावतार गोयल, दीनू शाक्य द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में धरना दिया गया। धरने को समर्थन देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी भिण्ड शहर के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया पिंकी के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे। जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह भदोरिया पिंकी ने कहा कि नगर पालिका की अव्यवस्थाओं का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में जलभराव, सफाई व्यवस्था की बदहाली, स्ट्रीट लाइटों की समस्या तथा समय पर कचरा न उठने से शहर वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भिण्ड शहर में नालों की सफाई का ठेका 20 लाख में हुआ, लेकिन सफाई नहीं की गई, पूरी नगर पालिका भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, कचरा गाड़ियों को मिलने वाला डीजल भाजपा नेताओं की गाड़ियों में डाला जा रहा है, इससे शहर में कचरा नहीं उठाया जा रहा है, आमजन इससे बहुत परेशान है, इसी प्रकार आईटीआई में डंप कचरा उठाने का ठेका 30 से 35 लाख के बीच हुआ, जिसका 75 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया, लेकिन कचरा 40 प्रतिशत उठाया गया, इसकी उच्च स्तर पर जांच होनी चाहिए।

पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम शर्मा ने मांग की कि नगर पालिका परिषद भिण्ड में शीघ्र स्थाई सीएमओ की नियुक्ति की जाए तथा शहर की मूलभूत समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। नगर पालिका में वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन और राशन कार्ड बनाने में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आम जनता से रुपए लेकर काम किया जा रहे हैं।

नगर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका में स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के लिए सामान उपलब्ध नहीं है, इसलिए शहर के कई वार्ड अंधेरे में डूबे हुए हैं। नगर पालिका के कचरा वाहनों की बैटरी चोरी हो गई, जिसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई। इससे सिद्ध होता है कि उक्त चोरी में नगर पालिका के ही कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनहित की इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर आंदोलन को और व्यापक रूप देगी।

इस अवसर पर बाबा भगवानदास सेंथिया, रामहर्ष सिंह कुशवाह, हलीम पठान, पानसिंह सुमन, मुकेश गर्ग, रामजीलाल शाक्य, कुलदीप भारद्वाज, विवेक पचौरी, राकेश सिंह भदौरिया रक्के, प्रमोद दीक्षित पीसी, कृष्णगोपाल चौरसिया, दर्शन सिंह तोमर, दीपू दुबे, मोहम्मद इरफान, सोनवीर सिंह यादव, राजू लोधी, रूपसिंह खन्ना, राजवीर खन्ना, नयन सिंह राजावत, चंद्रभान सिंह राजावत, राघवेन्द्र कांकर, स्मिता शर्मा, बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, नरेन्द्र शाक्य, करण खटीक, जसवंत शाक्य, वकील खान, जितेन्द्र खटीक, शिवशंकर भदौरिया, बिरजू यादव, गौरव भारद्वाज, संजीव बरुआ, मोहन सिंह, सुखबीर भदौरिया, रविन्द्र सिंह तोमर आदि मौजूद थे।

# छात्रसंघ चुनाव की बहाली लोकतंत्र की जीत, सितंबर 2026 में प्रत्यक्ष चुनाव कराए सरकार : तोमर




भिण्ड (निज संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जिला इकाई भिण्ड द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय भिण्ड में आयोजित प्रेस वार्ता में छात्रसंघ चुनावों की बहाली का स्वागत करते हुए मप्र सरकार से सितंबर 2026 में लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग की गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अंकित तोमर ने कहा कि वर्षों से छात्रसंघ चुनाव न होना विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन रहा है। उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद छात्रसंघ चुनावों का मार्ग प्रशस्त होना छात्र शक्ति और लोकतंत्र की बड़ी जीत है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सितंबर 2026 में प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनावों की अधिसूचना शीघ्र जारी की जाए, अन्यथा एनएसयूआई प्रदेशभर में लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी। ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि लोकतंत्र की पहली पाठशाला शैक्षणिक संस्थान होते हैं। छात्रसंघ चुनाव युवाओं को नेतृत्व और जनसेवा का अवसर प्रदान करते हैं। सरकार को विद्यार्थियों के अधिकारों का सम्मान करते हुए बिना किसी देरी के चुनाव कराना चाहिए। शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पिंकी भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राएं लंबे समय से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस हमेशा विद्यार्थियों की आवाज़ के साथ खड़ी रही है और छात्रसंघ चुनावों की बहाली का पूर्ण समर्थन करती है। प्रेस वार्ता के अंत में सभी नेताओं ने एक स्वर में सरकार से सितंबर 2026 में प्रत्यक्ष छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग दोहराई तथा प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं से लोकतंत्र और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव संकेत पुरोहित एवं आयुष चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# दयात्रऋषि महाराज का मंगल कलश स्थापना कार्यक्रम संपन्न



भिण्ड (निज संवाददाता)। चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मन्दिर महावीर गंज में विराजमान आचार्य दयात्रऋषि महाराज का मंगल कलश चातुर्मास स्थापना कार्यक्रम व्यापार मण्डल धर्मशाला में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आचार्य दयात्रऋषी महाराज ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में संतजन वर्षा काल में चार माह एक स्थान पर बैठकर धर्म ध्यान करते हुए चातुर्मास करते हैं। वर्षा काल में सूक्ष्म जीव वर्षा के कारण विचरण करते हैं, इन सबको किसी प्रकार की संत जनों द्वारा हानि ना हो इन सबको बचाने के लिए संत जन्म एक स्थान को तय कर धर्म ध्यान करते हैं। उन्होंने कहा कि मंगल कलश स्थापना करो, भाई मंगल कलश है, जिस घर में किसी प्रकार का वास्तु दोष हो तो इस कलश को ईशान कोण में स्थापित करने से वास्तु दोष कम हो जाता है, इसलिए श्रावक लोग इन कलशों की बोली लगाकर चार माह के बाद कलश को अपने घर ले जाते हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ में सामाजिक संगठनों की बालिका मण्डलों ने भक्ति नृत्य किया एवं समाज के सामाजिक संगठनों महिला मण्डल कमेटी ने आचार्य को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार ने भिण्ड की नगरीय व्यवस्थाओं की पोल खोली : बघेल



भिण्ड (निज संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान मन्दिर से कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकालकर बदहाल नगरीय व्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर कलेक्टर एलके पाण्डे को सौंपा गया।

ज्ञापन में जिले की नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में जलभराव, ठप्प जल निकासी, नाला सफाई में लापरवाही, निर्माण कार्यों की निम्न गुणवत्ता, वित्तीय अनियमितताओं और कर्मचारियों के नियोजन की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। रैली को संबोधित करते हुए रामशेष बघेल ने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद पहली ही बारिश में सड़कें, नालियां और जल निकासी व्यवस्था ध्वस्त हो गई हैं। यह विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार और अनियमतताओं का सबूत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्वतंत्र तकनीकी व वित्तीय जांच कराकर दोषियों से शासकीय धन की वसूली नहीं की गई, तो कांग्रेस चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन करेगी। इस अवसर पर मनोज दैपुरिया, जयश्रीराम बघेल, डॉ. रणवीर सिंह यादव, डॉ. शिवेन्द्र सिंह कुशवाह, महेश जाटव, कृष्णगोपाल चौरसिया, सुशीला नरवरिया सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 का हुआ शुभारंभ



**पीएम श्री शास.उ.उ.मा.वि. गोरमी में आयोजित हुआ जनसंवाद शिविर**

**पात्र हितग्राहियों को त्वरित मिला योजनाओं का सीधा लाभ**

**150 प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण**

भिण्ड (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत आज पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय गोरमी में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना, जन-शिकायतों का त्वरित निराकरण करना तथा शासन एवं नागरिकों के मध्य विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

कलेक्टर ने शिविर के दौरान जनता की समस्या सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया। शिविर में उपस्थित नागरिकों के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार कर लिए गए और कई मामलों का समाधान कर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भिण्ड, डीएफओ, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम मेहगांव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर त्वरित समाधान के निर्देश :** कलेक्टर भिण्ड ने पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय गोरमी में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देशित कर कहा कि शिविर के दौरान पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों के वितरण की कार्रवाई की जाए। छूटे हुए लोगों की समग्र ई-केवायसी करने, संबल योजना पंजीयन, अनुग्रह सहायता, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खाद्यान्न पर्ची सहित अन्य आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राही को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना तथा आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और ग्राम से लेकर जिले तक समग्र विकास सुनिश्चित हो।

150 प्रकरणों का मौके पर ही हुआ निराकरण

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कुल 328 आवेदन प्राप्त किए गए, जिनमें से 150 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतकर्ताओं की बड़ी संख्या में व्यक्तिगत रूप से सुनवाई कर उनके संतुष्टिपूर्ण निराकरण के प्रभावी प्रयास किए गए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में 190 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त 36 आभा आईडी, 14 आयुष्मान कार्ड, 56 अपार आईडी, 05 आधार अद्यतन तथा 33 समग्र ई-केवाईसी कर निराकरण किया गया।

जनविश्वास शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया तथा विभागवार जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया गया।

**भिण्ड-ग्वालियर हाईवे पर भीषण सड़क हादसा**

# स्लीपर बस, गैस सिलेंडर से भरे कैंटर और डंपर की टक्कर, महिला की मौत, दर्जन से अधिक घायल

**सभी घायल यात्रियों को 108 एंबुलेंस से शीघ्र पहुंचाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद**





अशोक सिंह नरवरिया

भिण्ड। गोहद, जानकारी के अनुसार,भिण्ड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग-719 पर शुक्रवार सुबह करीब 7,15 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिड़खरी बंजारे का पुरा के पास एक स्लीपर बस, गैस सिलेंडरों से भरे कैंटर और डंपर की भिड़ंत में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेपाल बॉर्डर (पलिया) से पुणे जा रही एक स्लीपर बस क्रमांक एमपी 41 जेड एफ 3194अपने निर्धारित मार्ग पर चल रही थी। उसी दौरान गोहद चोराहा थानाक्षेत्र के बंजारे का पूरा भिंड रोड पर सुबह 7,15बजे ग्वालियर की ओर से भिण्ड आ रहा एक डंपर अपनी लेन में चल रहा था। इसी बीच गैस सिलेंडरों से भरा कैंटर (क्रमांक [illegible]07 [illegible] 0174) तेज रफ्तार में ओवरटेक करने लगा,ओवरटेक के दौरान कैंटर सीधे सामने से आ रही बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी,कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**डंपर चालक ने बचाने का किया प्रयास, खाई में पलटा वाहन**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे को देखकर डंपर चालक ने वाहन को बचाने के लिए सड़क से नीचे उतार दिया, लेकिन संतुलन बिगड़ने से डंपर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। शीघ्र ही राहगीरों ने घायल यात्रियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस और हंड्रेड डायल को तुरंत फोन पर सूचना दी, घटना की जानकारी मिलते ही 108 एंबुलेंस के भिंड जिला अधिकारी प्रभांशु दुबे ने तुरंत, चार से पांच 108 एंबुलेंस को शीघ्र ही,घटनास्थल पर पहुंचाया, 108 एम्बुलेंस के पायलेट मुरारी लाल गोस्वामी, जितेंद्र सागर, भूपेंद्र गुर्जर, राजकुमार कुशवाहा, और एमटी संतोष सेंसर, गजेंद्र मल्होत्रा में तुरंत घायल मरीजों को 108 एंबुलेंस में बैठाया और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहुत पहुंचा कर इलाज चालू करवाया, बस चालक सोनू भदोरिया को भी गंभीर चोटें आई,

इस भीषण दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। गंभीर घायलों में खुशीराम चौधरी, देवराज चौधरी, कंचन चौधरी, सरस्वती, विजय माथुर, भगवंत सिंह परिहार, अजय सिंह, माताबिक एवं रामचंद्र डॉ मोहिल , पवन ,श्रीमती निर्मला ,सोलजीत, मानसिंह ,गोरी भंडारीस, बस में सवार नेपाल के निवासी महाराष्ट्र के मुंबई पूना में नोकरी करते है पांच घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए 108 एंबुलेंस से ग्वालियर रेफर किया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही गोहद चौराहा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को तुरंत 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोहद पहुंचाया। इसके बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।दुर्घटना की जानकारी मिलने पर गोहद एव मेहगांव का प्रशासनिक अमला गोहद अस्पताल पहुचा तथा घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था कराई,

भिंड ग्वालियर मार्ग से गुजरने वाली स्लीपर बसों की छमता पर न तो परिवहन विभाग की नजर है और ना ही पुलिस प्रशासन की इस रोड से गुजरने वाली स्लीपर बस में अगर झांका जाए तो उन्ही पैर वापस उतरना पड़ेगा क्योंकि इन बसों की स्थिति कांजी हाउस से भी बदतर है स्लीपर चाहे 2×2हो या सिंघल सवारी संख्या से अधिक बैठी होगी यह प्रथम दुर्घटना नही है इससे पहले भी दुर्घटना हुई है

# कलेक्टर का 10 महीने का कार्यकाल : प्रशासनिक कसावट और ईमानदारी की मिसाल

**- कलेक्टर मीणा से सीधी बात**

- दीपेन्द्र बोहरे -



भिण्ड। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा का 10 माह का कार्यकाल प्रशासनिक कसावट, पारदर्शिता और जनहितैषी प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने के लिए जाना जा रहा है। अपने ईमानदार, निष्पक्ष और बेहद सरल स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले कलेक्टर मीणा के नेतृत्व में जिले की प्रशासनिक कार्यशैली में अभूतपूर्व बदलाव देखा गया है। उन्होंने जिले के विकास, भ्रष्टाचार पर लगाम, माफियाओं पर नकेल और आम जनता को राहत पहुंचाने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सीएम हेल्पलाइन की स्वयं कर रहे समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समय-समय पर समीक्षा, जनसमस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए कलेक्टर मीणा स्वयं सीएम हेल्पलाइन की लगातार समीक्षा बैठकें ले रहे हैं।

**समय-समय पर मॉनिटरिंग**

कलेक्टर हर विभाग की लंबित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा करते हैं और अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि शिकायत का निराकरण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ धरातल पर होना चाहिए।

**लापरवाही पर सख्त रुख**

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में अनावश्यक देरी या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उन पर प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

**किसानों की चिंता**

खाद आपूर्ति और समस्या-मुक्त वितरण के सख्त निर्देश के साथ कलेक्टर मीणा ने स्पष्ट किया कि जिले के अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**खाद की आपूर्ति पर पैनी नजर**

कलेक्टर ने कृषि व विपणन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में खाद की आपूर्ति सुचारू रखी जाए और वितरण केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

**किसानों के हित में स्पष्ट निर्देश**

अधिकारियों को साफ ताकीद की गई है कि खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या बिचौलियों की शिकायत पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों को खाद प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।

**अवैध खनन और भू-माफिया पर सख्त रणनीति**

जिले में अवैध उत्खनन और भू-माफियाओं की गतिविधियों को पूरी तरह ठप करने के लिए प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है संवेदनशील इलाकों में लगातार छापेमारी और जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए बेदखली और सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**बारिश, बाढ़ और जलभराव से निपटने की तैयारियां**

मानसून और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। नगर पालिका और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को शहर व कस्बों में नाले-नालियों की सफाई और पानी की सुगम निकासी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं जलभराव और बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में प्रशासनिक टीमों को अलर्ट पर रखा गया है।

**सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार की पहल**

शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने के लिए तकनीक और जन-भागीदारी का सहारा लिया जा रहा है। शिक्षकों और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्य की गई है, जिससे स्कूलों में अनुशासन बढ़ा है।

अभिभावकों से अपील

कलेक्टर मीणा ने माता-पिता से भी आग्रह किया है कि वे नियमित रूप से स्कूलों में जाकर शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई और प्रगति पर संवाद स्थापित करें।

स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, 30 नए डॉक्टरों की नियुक्ति

स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में जिले को बड़ी सौगात मिली है। जिले में जल्द ही 30 नए डॉक्टरों की नियुक्ति से जिला अस्पताल और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों की चिकित्सा व्यवस्था और बेहतर होगी। कलेक्टर अपने सरल स्वभाव के साथ-साथ कामकाज में पूरी सख्ती बरतते हैं और समय-समय पर अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेते हैं।

जनसुनवाई का तहसील स्तर तक विस्तार

आम जन की समस्याओं का पारदर्शी निस्तारण प्राथमिकता में शामिल है। शासन के निर्देशों के अनुसार जनसुनवाई व्यवस्था को तहसील स्तर पर भी मजबूती से संचालित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को अपनी छोटी-मोटी शिकायतों के लिए भी मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें।

**स्वच्छता अभियान: गौरी सरोवर से हटाई गई जलकुंभी**

शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए व्यक्तिगत रुचि लेकर काम कराया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा खुद समय-समय पर शहर का निरीक्षण किया जा रहा है। शहर के ऐतिहासिक गौरी सरोवर की स्वच्छता के लिए तत्परता दिखाते हुए जलकुंभी को हटवाया गया, जिससे सरोवर का सौंदर्य वापस लौट आया है।

**प्रशासनिक दक्षता**

वीआईपी दौरे व विपरीत परिस्थितियों में बेहतर प्रबंधन, प्रशासनिक सूझबूझ और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही है।

**संवेदनशील स्थितियों पर नियंत्रण**

विरोध-प्रदर्शनों या राजनैतिक असंतोष के मौकों पर कलेक्टर और प्रशासनिक टीम ने संयम, सूझबूझ और तत्परता से काम करते हुए स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखा और जिले में शांति व सौहार्द कायम रखा।

**भ्रष्टाचार पर कलेक्टर का हमला**

किरोड़ी लाल मीणा ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और ठगी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति लागू हुई है। यदि जिले में कहीं भी भ्रष्टाचार की जानकारी मिले या कोई रिश्वत मांगे, तो तुरंत जिला प्रशासन या सीधे कलेक्टर कार्यालय को सूचित करें। नौकरी लगवाने या किसी अन्य काम के नाम पर पैसा मांगने वाले जालसाजों और बिचौलियों के झांसे में बिल्कुल न आएं। पारदर्शी व ईमानदार व्यवस्था देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की शहर के ब्राण्डेड घी के प्रतिष्ठानों की संघन जांच, - दो प्रतिष्ठानों से नमूना लेकर 53 लीटर घी किया जब्त

भिण्ड (निज संवाददाता)। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन मप्र भोपाल के आदेश, कलेक्टर किरोड़ीलाल मीणा के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन के मार्गदर्शन में स्थानीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने भिण्ड शहर में ब्राण्डेड घी के प्रतिष्ठानों की संघन जांच की। विगत सप्ताह में नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार चलाए गए विशेष अभियान में अन्य जिलों से ब्राण्डेड घी के नमूने असुरक्षित पाए जाने से स्थानीय स्तर पर धोलपुर फ्रेश घी एवं सहकार घी के नमूने जांच वास्ते लिए गए। लश्कर रोड एचडीएफसी बैंक के पास स्थित अनुराग ट्रेडर्स से धोलपुर फ्रेश घी के तीन नमूने लेकर 48 लीटर घी जब्त किया एवं पेंच नं.एक में गोयल एजेंसी से सहकार घी का नमूना लेकर 5 लीटर घी जब्त किया। जिसकी कीमत लगभग 28 हजार 500 रुपए है। कार्रवाई दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेखा सोनी, रीना बंसल एवं किरन सेंगर उपस्थित रहीं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

खुली निविदा सूचना सं: JHSW-M-S-RB-2026-27-8 — दिनाक: 05.08.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम :** वैगन मरम्मत कार्यशाला,झाँसी में रोलर बियरिंग शॉप की पीओएच गैर-मुख्य गतिविधियों के दौरान विविध वैगनों के व्हील सेट के रोलर बियरिंग को खोलने, साफ करने और स्थानांतरित करने की आउटसोर्सिंग

**कार्य की लागत :** Rs. 33,57,259.38 /- (18% जीएसटी सहित) | **अग्रिम राशि :** Rs. 67,200/-

**कार्य पूरा होने का समय :** बारह महीने / **ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समय : 31.08.2026 समय 16:00 बजे तक**

निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 1806/26 (D)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं- :-JHS/Commercial/E-Auction/2026/179 — दिनांक :- 06.08,2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणी :** पार्किंग | **केटलोग संख्या :** झाँसी-पार्किंग-64

**एसेट्स डिटेल्स :** झाँसी मण्डल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतु :-

| स्टेशन केटेगरी | स्टेशन/स्थान | स्टेशन केटेगरी | स्टेशन/स्थान |
|---|---|---|---|
| एनएसजी-5 | भरूआ सुमेरपुर | एनएसजी-3 | चित्रकूटधामकर्वी |

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय :** दिनांक 21.08.2026 को समय-11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय :** दिनांक 21.08.2026 को समय-11:40 तक

**नोट**-उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1812/26 (AS)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-ट्रैक-2026-188

**कार्य का नामः** सप्लाईइंग एंड स्टैकिंग ऑफ़ एसकेवी वेल्डिंग पोरसन फॉर 52केजी, 60केजी एंड आर 260 (60केजी) रेल्स विथ इम्प्रूवड प्रीहीटिंग वेल्डिंग टेक्नोलॉजी नेमली कंप्रेस्ड एयर पेट्रोल/एलपीजी अलोंग विथ सिंगल शॉट क्रूसिबल फिटेड एंड विथ यूज़ ऑफ़ थ्री पिएस प्रीफैब्रिकेटेड मौल्ड्स विथ ऑटोमेटिक टैपिंग थिम्ब्ले (एंटीटी) टेक्नोलॉजी अंडर जूरिडिक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

**अनुमानित लागतः** ₹ 27439695.14 | **अमानत राशिः** ₹ 548800.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 27.08.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 18 माह

- निविदा दिनांक 27.08.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1807/26 (PH)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# सिंध नदी में अवैध रेत उत्खनन पर एनजीटी सख्त, 6 सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**- डॉ. गोविन्द सिंह की याचिका पर 3-सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित**



भिण्ड (निज संवाददाता)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), सेंट्रल जोन बेंच भोपाल ने भिण्ड और दतिया जिलों में सिंध नदी के प्रवाह क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध व मशीनीकृत रेत उत्खनन पर कड़ा संज्ञान लिया है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह द्वारा दायर मूल आवेदन (ओए नं.161/2026) पर सुनवाई करते हुए एनजीटी हत्रज्ञ के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति शिवकुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 3-सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है।

याचिका के मुख्य बिंदु

याचिकाकर्ता डॉ. गोविन्द सिंह की ओर से अधिवक्ता पुलकित गोधा एवं अधिवक्ता महिमा सिंह ने ट्रिब्यूनल के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए बताया कि भिण्ड जिले के 18 गांवों और दतिया जिले के 6 गांवों में सिंध नदी के भीतर भारी अर्थ-मूविंग मशीनों और सक्शन-ड्रेजिंग नौकाओं का उपयोग कर अवैध रेत निकाली जा रही है। बिना मान्य पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) और जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) के निकाली गई इस रेत को बिना वैध ट्रांजिट परमिट के मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सप्लाई किया जा रहा है।

याचिका में यह भी स्पष्ट किया गया कि सिंध नदी राष्ट्रीय चंबल (घड़ियाल) वन्यजीव अभयारण्य का ही पारिस्थितिक हिस्सा है, जो मगरमच्छों, घड़ियालों, इंडियन फ्लैपशेल कछुओं तथा दुर्लभ प्रवासी पक्षियों का प्रजनन स्थल है। भारी मशीनों से हो रहे अवैध उत्खनन से नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह और जलीय जीवों के अस्तित्व पर गंभीर संकट पैदा हो गया है।

**एनजीटी द्वारा जारी मुख्य निर्देश**

संयुक्त जांच समिति का गठन : ट्रिब्यूनल ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), पर्यावरण विभाग मप्र और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधियों को मिलाकर एक 3-सदस्यीय समिति का गठन किया है। एमपी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को इसमें नोडल एजेंसी बनाया गया है।

**स्थल निरीक्षण एवं रिपोर्ट :** समिति को प्रभावित स्थलों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर 6 सप्ताह के भीतर फैक्चुअल एवं एक्शन टेकन रिपोर्ट ट्रिब्यूनल में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

नोटिस जारी : ट्रिब्यूनल ने मप्र शासन सहित सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर 2026 को की जाएगी।

# जन सेवा में संवेदनशीलता ही सुशासन की पहचान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

**जन समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**सीएमएचओ, तहसीलदार एवं पटवारी निलंबित, सीईओ जनपद और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृध्दि रोकने के आदेश, अन्य तीन को नोटिस**

**मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने की आमजनों की लंबित शिकायतों की सुनवाई**

**छिंदवाड़ा की प्रतिभाएं पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा**

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों से किया संवाद**

**किसानों, खिलाड़ियों, छात्राओं और महिला उद्यमियों ने सुनायी अपनी सफलता की कहानी**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' का शुभारंभ करते हुए छिंदवाड़ा जिले के कलेक्ट्रेट में आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों की आवेदकों की उपस्थिति में एक-एक कर समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान जिन प्रकरणों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई, उन पर उन्होंने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराते हुए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट के कार्यक्रम में जिले की प्रेरक प्रतिभाओं से आत्मीय संवाद किया। कृषि, नवाचार, खेल, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण पर्यटन, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभागियों ने अपनी सफलता की कहानियां मुख्यमंत्री के साथ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं मध्यप्रदेश के विकास की वास्तविक शक्ति हैं और समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्व, नल-जल, ऊर्जा, पुलिस सहित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत करने की नौबत नहीं आनी चाहिए। प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ड्रॉप-आउट बच्चों को पुनः विद्यालयों में प्रवेश दिलाने, सभी शिक्षकों की शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने तथा सायबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है तथा प्रत्येक अधिकारी को जनसेवा के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह कार्यशैली अपनानी होगी।

**सम्मान निधि का लाभ नहीं, तहसीलदार और पटवारी निलंबित :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में मीना बंजारा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। समीक्षा में पाया गया कि परासिया तहसील के संबंधित पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आवेदिका योजना के लाभ से वंचित रही। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मामले को गंभीर मानते हुए परासिया तहसील के संबंधित पटवारी एवं तहसीलदार को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के माध्यम से आवेदिका को एक वर्ष की सहायता राशि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

**पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण जानकारी, छिंदवाड़ा सीएमओ तत्काल प्रभाव से निलंबित :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती सीमा तुमराम ने बताया कि उन्होंने प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिन्दवाड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

**सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रूकी :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती मानवती वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पति श्री संतोष वर्मा की मृत्यु के बाद उन्हें पात्रता अनुसार मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौरई तथा श्रम अधिकारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

चौरई एसडीएम एवं पटवारी को कारण बताओं सूचना पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री गोविंद नायक ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भू-अभिलेख दुरुस्तीकरण से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। समीक्षा में पाया गया कि एसडीएम द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने एसडीएम चौरई, संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री मनोहर सिंह ने बताया कि उन्होंने अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता नहीं मिलने की शिकायत की थी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि बैंक खाते की लेनदेन सीमा कम होने के कारण सहायता राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा था। आवेदक का बैंक खाता सीहोर जिले में संचालित था, इसलिए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई कर भुगतान सुनिश्चित किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती भावना डेहरिया ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत सब्सिडी नहीं मिलने की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर पात्र हितग्राही को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**माँ नर्मदा का आशीर्वाद है प्रदेशवासियों के साथ**

वाशम शेट्टी ने ब्लूबेरी की खेती के अपने सफल प्रयोग की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में ब्लूबेरी का उत्पादन शुरू किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां नर्मदा की कृपा से मध्यप्रदेश की भूमि अत्यंत उपजाऊ है। ब्लूबेरी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों का विस्तार प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी किया जाना चाहिए, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।

**प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को राजेन्द्र रमेश धारे ने प्राकृतिक खेती के अपने मॉडल की जानकारी देते हुए बताया कि वे विभिन्न किस्मों की हल्दी सहित अनेक फसलों की प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की लागत कम कर उनकी आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

**ड्रोन पर सब्सिडी से जीवन को मिली नई दिशा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 'नमो ड्रोन दीदी' लक्ष्मी धागरे ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष लगभग 300 एकड़ क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से फसलों का छिड़काव किया, जिससे उन्हें करीब डेढ़ लाख रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि शासन से ड्रोन पर सब्सिडी मिली और आजीविका मिशन ने उनके जीवन को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, यह अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

**स्थानीय उत्पादों से रही अर्थव्यवस्था सुदृढ़** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को रूपाली धुर्वे ने चिरौंजी प्रसंस्करण के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि उनके उत्पादों के यूरोप निर्यात के लिए एमओयू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को नई दिशा मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने वाले ऐसे प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

**युवा, खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को खेलो इंडिया ट्राइबल यूथ गेम्स-2026 में मध्यप्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाने वाले श्री शिवा भलावी ने बताया कि रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित प्रतियोगिता के 130 किलोग्राम भार वर्ग (ग्रीको-रोमन शैली) में स्वर्ण पदक हासिल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के युवा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रहे हैं।

**मैं आऊंगा होम-स्टे पर :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री सनोत नागवंशी ने ग्रामीण पर्यटन एवं होम-स्टे मॉडल की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें शासन से सब्सिडी प्राप्त हुई है। वर्तमान में वे दो कमरों का होम-स्टे संचालित कर रहे हैं, जिसे 'मेक माय ट्रिप' जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी सूचीबद्ध किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं जरूर आपके होम-स्टे पर आऊंगा। '

**सीएनजी प्लांट संचालक की हुई प्रशंसा :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले में संचालित सीएनजी प्लांट के संचालक रोहित साहू से भी चर्चा कर परियोजना की कार्यप्रणाली, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी ली तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

**सरकार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ है :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव को संवाद के दौरान मेधावी छात्रा आभा शर्मा ने बताया कि उन्होंने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता मजदूरी करते हैं और उनका लक्ष्य चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनना है। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'बेटी, निश्चिंत होकर पढ़ाई करो। सरकार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ खड़ी है। पूरी लगन और मेहनत से अपने सपनों को साकार करो। '

**मेधावी छात्राओं की सराहना की**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जिले की मेधावी छात्राओं अक्षरा ओकते एवं दीपाली सोनी से भी संवाद कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। प्राकृतिक खेती को अपनाकर सफल मॉडल प्रस्तुत करने वाले किसान श्री पूरनलाल इवनाती से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छिंदवाड़ा की ये प्रेरक प्रतिभाएं अपने परिश्रम, नवाचार और संकल्प से पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, उन्हें उचित मंच प्रदान करना तथा नवाचार, उद्यमिता, खेल और आत्मनिर्भरता की संस्कृति को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री विवेक बंटी साहू, विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, महापौर श्री विक्रम आहके, श्री शेषराव यादव, मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, सचिव डॉ. सुदाम खाड़े, संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह, कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को पूरा करेगी युवा पीढ़ी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा में किया सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स से संवाद, भारत-मध्यप्रदेश को नंबर वन बनाएंगे युवा

भोपाल (निज संवाददाता)। 'हमारा प्रदेश विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प की दिशा में आज की युवा पीढ़ी भारत और मध्यप्रदेश को नंबर-वन पर ले जाएगी। हम सभी को इसी दिशा में काम करना होगा। प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार जन विश्वास अभियान चला रही है। सरकार के अधिकारी-कर्मचारी शिविर लगाकर हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे। प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी नौकरियों में लगातार भर्ती की जा रही है। अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रमोशन दिया जा रहा है। सभी विभागों में लगातार भर्तियां की जा रही हैं।' यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 7 अगस्त को छिंदवाड़ा में जन विश्वास अभियान 2026 के मौके पर आयोजित सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स कार्यक्रम में कही। बता दें, सरकार युवाओं को सशक्त करने के लिए इंफ्लूएंसर्स को सम्मानित भी कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, पांढुर्ना, नरसिंहपुर और बैतूल के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स से संवाद किया। उन्होंने सोशल मीडिया की बदलती भूमिका और जनसंचार में उसकी महत्ता पर विचार व्यक्त किए। इससे पहले कंटेंट क्रिएटर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंफ्लूएंसर्स के साथ सीधा भी संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कंटेंट क्रिएटर्स के सवालों का बखूबी जबाव भी दिया।

सशक्त और प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया अपनी बात को तेजी से जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त और प्रभावी माध्यम बन चुका है। सकारात्मक, तथ्यपरक और समाज हित से जुड़े संदेशों के व्यापक प्रसार में कंटेंट क्रिएटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स अपनी रचनात्मकता और प्रभाव का उपयोग समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने तथा जनहित के संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के लिए करें। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के इस दौर में विश्वसनीय और सकारात्मक जानकारी का प्रसार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए निवेश व उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इससे भी प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लूएंसर्स को देंगे अवॉर्ड

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए 'डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अवॉर्ड' दिये जायेंगे। सकारात्मक सोच, सामाजिक जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने वाले यूट्यूबर्स और रील मेकर्स को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। इससे प्रेरित होकर कई युवाओं ने सकारात्मक सोच के साथ नवाचार भी किया है।

# प्रशिक्षु छात्राएं आत्मविश्वास रखें, तकनीकी दक्षता के साथ अपनी जड़ों से जुड़े : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास देश की युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम**

**मुख्यमंत्री ने शासकीय आदिवासी महिला आईटीआई में किया प्रशिक्षु छात्राओं से संवाद**

**प्रशिक्षण और योजनाओं की जानकारी ली**



भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास देश की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षु छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें, तकनीकी दक्षता के साथ अपनी जड़ों और खेती से भी जुड़े रहें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय आदिवासी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु छात्राओं से संवाद कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी श्री राकेश सिंह, सांसद श्री विवेक बंटी साहू, मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल, संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षु छात्राओं से उनके प्रशिक्षण, भविष्य की योजनाओं तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मैकेनिकल लैब में उन्होंने सीआरडीआई फोर-स्ट्रोक डीजल इंजन के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा लेथ मशीन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं की सराहना की।

फिटर ट्रेड की प्रशिक्षु सुषमा उइके ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके माता-पिता कृषि कार्य से जुड़े हैं और वह तकनीकी प्रशिक्षण लेकर इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रा से कहा 'इसी आत्मविश्वास को बनाए रखिए '। तकनीकी कौशल के साथ खेती से भी जुड़े रहिए।

संवाद के दौरान प्रशिक्षु राधा उड़के ने बताया कि वह प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों का उपयोग खेती-किसानी में भी करेंगी तथा भविष्य में स्वयं की टेक्निशियन मशीन और हार्डवेयर वर्कशॉप स्थापित करना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने उनके संकल्प की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं से शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। प्रशिक्षु मीना करवेती ने आत्मविश्वास के साथ 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्हें बाइंडिंग, पंखा मरम्मत, वायरिंग तथा मशीन पार्ट्स को जोड़ने जैसे तकनीकी कार्यों में दक्षता प्राप्त है और वे सभी कार्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए करती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षुओं के उत्साह और प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर कहा कि उनकी जिम्मेदारी केवल अपना जीवन बेहतर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने कौशल और ज्ञान से समाज तथा अन्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की भी है।

संस्थान में फिटर ट्रेड के प्रशिक्षुओं ने 'वेस्ट टू आर्ट' की अवधारणा पर तैयार आकर्षक गिटार तथा वेस्ट से निर्मित तोप मुख्यमंत्री को भेंट की। मुख्यमंत्री ने इन रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नवाचार और तकनीकी कौशल का ऐसा समन्वय युवाओं की प्रतिभा और सृजनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को संस्थान की प्रवेश विवरणिका भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री के साथ प्रशिक्षु छात्राओं ने सामूहिक छायाचित्र भी खिंचवाया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्थान परिसर में मलबरी (शहतूत) का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## बंदियों की समय पूर्व रिहाई दूसरे बंदियों को भी अच्छे आचरण के लिए करेगी प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*स्वाधीनता दिवस पर 124 अच्छे आचरण वाले बंदियों को मिलेगी सजा में छूट*

*118 बंदियों को मिलेगी समय पूर्व रिहाई, 6 बंदियों को मिलेगा विशेष परिहार*


भोपाल (निज संवाददाता)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर अच्छे आचरण, अनुशासित व्यवहार एवं निर्धारित पात्रता के आधार पर प्रदेश की जेलों में निरुद्ध कुल 124 पात्र बंदियों को सजा में छूट/विशेष परिहार का लाभ प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि स्वाधीनता दिवस पर 118 आजीवन कारावास से दंडित बंदियों को समय पूर्व रिहाई तथा 6 अन्य पात्र बंदियों को विशेष परिहार का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पात्र बंदियों की समय पूर्व रिहाई और विशेष परिहार दूसरे निरूद्ध बंदियों को भी अच्छा आचरण करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि सुधारात्मक न्याय व्यवस्था की भावना के अनुरूप सरकार की यह पहल पात्र बंदियों के पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा में उनकी सम्मानजनक पुनर्स्थापना के मंतव्य को और भी गति देगी।

# ब्रिक्स देश साझी संस्कृति, शांति और पारस्परिक सम्मान के सूत्र से बंधे हैं: केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत

**ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव में गूंजा विश्व शांति और सांस्कृतिक एकता का संदेश**

**भारत सहित ब्रिक्स देशों के कलाकारों ने संगीत और नृत्य से प्रस्तुत किया सांस्कृतिक समन्वय**



भोपाल : शुक्रवार, अगस्त 7, 2026, 20:05 ढ्डस्न्न

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ब्रिक्स राष्ट्र केवल आर्थिक या राजनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे साझी संस्कृति, शांति, पारस्परिक सम्मान और समावेशी विकास की गहरी भावना से एकजुट हैं। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत, ब्रिक्स संस्कृति मंत्री समूह की तीसरी बैठक के दौरान रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की यह धरा सदियों से सभ्यताओं, विचारों, आस्थाओं और कलात्मक परंपराओं का संगम स्थल रही है।

केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलचित्रों, सांची की शांति, खजुराहो के भव्य मंदिरों और यहाँ के जीवंत जनजातीय समुदायों की परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत की समृद्ध सभ्यतागत यात्रा की निरंतरता को सुंदरता से दर्शाता है। भारतीय जीवन दर्शन के मूल मंत्रों 'वसुधैव कुटुंबकम' (विश्व एक परिवार है) और 'अतिथि देवो भव' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के लिए आतिथ्य केवल एक सामाजिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक उच्च सभ्यतागत मूल्य है। उन्होंने कहा कि भले ही ब्रिक्स देशों की भाषाएं, इतिहास और कलात्मक अभिव्यक्तियां भिन्न हों, लेकिन संगीत और कला मानव आत्मा की सार्वभौमिक भाषा हैं, जो विभिन्न सभ्यताओं को मित्रता, शांति और आशा के सूत्र में जोड़ती हैं।

संबोधन में उन्होंने उल्लेख किया कि इस सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की सर्वकल्याणकारी प्रार्थना से हो रही है, जो आज के वैश्विक परिदृश्य में अत्यंत प्रासंगिक संदेश है। उन्होंने झीलों की नगरी भोपाल और भारत के हृदय प्रदेश में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रवास ब्रिक्स परिवार के बीच परस्पर समझ और सांस्कृतिक बंधनों को और अधिक सुदृढ़ करेगा। ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विश्व शांति, सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक सद्भाव का संदेश दिया गया। भारत सहित ब्रिक्स देशों के प्रतिष्ठित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से सांस्कृतिक विविधता में एकता की भावना को साकार किया।लगभग 32 मिनट के विशेष संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद 'भारतीय संगीत के रंग' के माध्यम से हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत की समृद्ध परंपराओं का सुंदर समन्वय देखने को मिला। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 'ब्रिक्स पीस सॉन्ग' रहा, जिसमें ब्रिक्स देशों के कलाकारों ने अपनी-अपनी सांगीतिक परंपराओं के माध्यम से शांति, मित्रता और वैश्विक सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन 'पीस टू ऑल, हार्मनी टू ऑल' तथा 'क्रेसेंडो ऑफ यूनिटी' की सामूहिक प्रस्तुति के साथ हुआ।

**ब्रिक्स देशों की सांगीतिक परंपराओं का हुआ अनूठा संगम**

ब्रिक्स पीस सॉन्ग के दौरान बेलारूस, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित सहभागी देशों की सांगीतिक परंपराओं का आकर्षक संगम देखने को मिला। प्रत्येक प्रस्तुति के साथ भारतीय गान-वृंद ने संबंधित देश की भाषा में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का गायन कर सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक एकता की भावना को सशक्त अभिव्यक्ति दी।

**'अमृतस्य मध्यप्रदेश' में साकार हुई प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत** महोत्सव में मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा 'अमृतस्य मध्यप्रदेश' शीर्षक से लगभग 35 मिनट की भव्य नृत्य-नाट्य प्रस्तुति दी गई। इसमें मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत का सजीव चित्रण किया गया। प्रस्तुति में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों, भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े प्रसंगों, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, राजा भोज, भोपाल, मां नर्मदा तथा सिंहस्थ-2028 की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को प्रभावी ढंग से मंचित किया गया।

**125 से अधिक कलाकारों ने प्रस्तुत की 12 नृत्य विधाएं** प्रस्तुति में 125 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। कथक, भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम, मणिपुरी, समकालीन नृत्य, मार्शल आर्ट तथा मध्यप्रदेश के गोंड, बैगा, गुदुमबाजा, मटकी, बधाई और बरेदी सहित 12 नृत्य विधाओं का आकर्षक समन्वय प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति का निर्देशन सुप्रसिद्ध कोरियोग्राफर सुश्री मैत्रेयी पहाड़ी ने किया, जबकि प्रकाश संयोजन अनूप 'बंटी' जोशी ने किया।

**मध्यप्रदेश के पारंपरिक वस्त्रों का हुआ आकर्षक प्रदर्शन**

प्रस्तुति का एक विशेष आकर्षण मध्यप्रदेश के पारंपरिक वस्त्रों और प्रिंट्स पर आधारित फैशन प्रस्तुति रही। 'चदरिया झीनी रे झीनी' की संगीतमय प्रस्तुति के दौरान लगभग 150 फीट लंबे विशेष लहंगे का प्रदर्शन किया गया। इस प्रस्तुति का निर्देशन श्री मुमताज खान ने किया, जिसमें मध्यप्रदेश की समृद्ध वस्त्र परंपरा का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।